दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 100 | जयपुर, मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### कुत्तों ने नोच-नोच कर छह साल के बच्चे को मार डाला



**चित्तौड़गढ़।** जिले में एक छह साल के बच्चे को आवारा कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला। कुत्तों के बच्चे पर उस वक्त हमला किया, जब वह अपने स्कूल जा रहा था। पारसोली थाने के उपनिरीक्षक प्रेम सिंह खंगारोत ने बताया कि यह घटना बेगूं तहसील के पारसोली गांव में हुई। बच्चे का नाम आयुष था। उसने भागने की कोशिश की तो कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में आयुष बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि लड़के को गांव के लोग नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। हमले में बच्चा बुरी तरह घायल हो गया था। पोस्टमॉर्टम के बाद बच्चे के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### चुनाव आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आम चुनाव के लिए पहला नोटिफिकेशन जारी करने से पहले सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिव को हटाने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के डीजीपी को भी हटाने का आदेश दिया गया है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के दौरान कहा था कि वो निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की बैठक में ये फैसला लिया गया।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेन आ जाने की वजह से हादसा... पटरी से उतरी चार बोगियां

# अजमेर में साबरमती एक्सप्रेस और मालगाड़ी की टक्कर

**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर के आगे मदार स्टेशन के पास बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी को पीछे से आ रही एक ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिससे वो बेपटरी हो गई है। दरअसल, साबरमती एक्सप्रेस ने खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे साबरमती एक्सप्रेस का इंजन और 4 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी यात्री के घायल होने का समाचार नहीं है। रेलवे में जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 12548 साबरमती आगरा कैंट ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे के वक्त ट्रेन में हजारों की संख्या में यात्री मौजूद थे। ट्रेन ट्रैक से डिरेल होने के बाद पटरी से काफी दूर पहुंच गई और इलेक्ट्रिक लाइन के लिए लगे खंभे को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव का काम शुरू किया। गनीमत ये रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। रात 1 बजकर 4 मिनट पर हुए हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं, ट्रेन में सवार रेल यात्रियों में भी अफरा तफरी का माहौल हो गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। मौके पर पहुंचे अधिकारी ने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एडीआरएम बलदेव राम ने बताया की शुरुआती जांच से पता चला है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ है।






### देरी से पहुंचे रेलवे के अधिकारी

यात्रियों ने बताया कि ट्रेन रात को करीब 12:55 बजे अजमेर रेलवे स्टेशन से निकली और कुछ किमी चलने के बाद यह हादसा हो गया। हादसे के समय जबरदस्त झटका लगा और सीटों पर सो रहे बच्चे, महिला और बुजुर्ग सीट से नीचे गिर गए। हादसे के बाद यात्री रेलवे से मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन रेलवे के अधिकारी समय पर नहीं पहुंचे। हादसे के बाद कई यात्री पैदल ही शहर की तरफ रवाना हो गए।

चुनाव आयोग ने तय की लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा

# प्रत्याशी ₹ 95 लाख ही कर सकेंगे चुनावी खर्च

## बहीखाते में जुड़ेगा झंडे से लेकर डंडे तक का शुल्क

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे उम्मीदवारों के लिए खर्च की लिमिट तय कर दी है। आयोग ने साफ किया है कि कोई भी उम्मीदवार 95 लाख से रुपए से ज्यादा खर्च नहीं कर सकता है, जिन राज्यों में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, वहां विधानसभा उम्मीदवार 40 लाख रुपए तक खर्च कर सकते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में खर्च की सीमा 70 लाख रुपए थी। सभा और रैलियों के लिए रेट लिस्ट तय कर दी गई है। इसमें चाय, छाछ-लस्सी, जलेबी, फूड पैकेट और कुछ कारों की रेट बढ़ाए गए हैं। गौरतलब है कि चुनाव में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग हर उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा तय करता है।




### चाय से लेकर मठरी तक का रेट निर्धारत

चुनाव लड़ रहे हर उम्मीदवार के सार्वजनिक बैठक, रैली, विज्ञापन, पोस्टर, बैनर, वाहन, चाय, बिस्किट और गुब्बारे सहित सभी तरह के खर्च के लिए चुनाव आयोग ने कीमतें तय की हैं। नेताजी के कैंप में चाय दस रुपए और काफी 20 रुपए की होगी। साथ में मठरी की इच्छा हुई तो पांच रुपए की होगी। टीवी पर समाचार देखने की इच्छा हुई तो उसकी दर 2250 सौ रुपए होगी। पंडित से हवन कराया तो 1200 रुपए की फीस मानी जाएगी तो कलावा चार रुपए होगा। ग्रामीण इलाके में कार्यालय के किराए की मासिक दर 5000 रुपए है। शहर में यह दर 10,000 रुपए है। एक कप चाय की कीमत 8 रुपए और एक समोसे की कीमत 10 रुपए है। बर्फी 200 रुपए किलो, बिस्किट 150 रुपए किलो, ब्रेड पकोड़ा 10 रुपए नग, सैंडविच 15 रुपए नग और जलेबी की कीमत 140 रुपए किलो तय की है। मशहूर गायक की फीस 2 लाख रुपए तय। भुगतान का असली बिल लगाना अनिवार्य है।

### झंडे और डंडे की रेट भी तय

चुनाव आयोग की ओर से कपड़े के एक फीट गुना डेढ़ फीट वाले झंडे के सात रुपए तय किए हैं। वहीं तीन फीट लंबे डंडे का रेट 15 रुपए होगा। गले में प्रत्याशी पटका पहना मिला तो उसकी कीमत सात रुपए होगी। वहीं लाउडस्पीकर से प्रचार का खर्च प्रति दिन 800 सौ रुपए होगा। मल्टीकलर के हैंड बिल मिले तो साढ़े चार हजार रुपए प्रति हजार की दर लगेगी। किसी होटल में उम्मीदवार के नाम से कोई ठहरा तो एक हजार से दस हजार रुपए प्रतिदिन का खर्च माना जाएगा। फूल माला से कहीं स्वागत हुआ तो 12 रुपए प्रतिमाला का खर्च जुड़ेगा।

### 20 साल में चार गुना बढ़ा खर्च

चुनाव आयोग मतदाताओं की संख्या के आधार पर अधिकतम खर्च की सीमा तय करता है। हालांकि, राजनीतिक दलों को इस सीमा से छूट है। लोकसभा चुनाव में अधिकतम खर्च की सीमा 20 साल में 4 गुना बढ़ गई है। चुनाव आयोग के नियम के अनुसार, हर उम्मीदवार को चुनावी खर्च के लिए एक अकाउंट रखना होता है। चुनाव में होने वाला हर खर्च इसी अकाउंट से होता है। 20 हजार से ज्यादा राशि का भुगतान चेक के जरिए करना होता है।

### 50 हजार से ज्यादा नहीं रख सकते नकद

चुनाव का ऐलान होने के साथ आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी के कार्यकर्ता अपने साथ 50 हजार से ज्यादा की राशि नकद में नहीं रख सकते हैं। वह अपने वाहन में 10 हजार से ज्यादा कीमत का सामान भी नहीं रख सकते हैं। यह नियम तोड़ने पर उनके खिलाफ चुनाव आयोग कार्रवाई करता है।

### 115 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब और सामग्री जब्त

**जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 17 करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, फ्रीबीज व नकदी पकड़ी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 1 मार्च 2024 से अब तक 2 करोड़ 41 लाख कैश, ड्रग्स लगभग 51.56 करोड़, शराब 6 करोड़ 71 लाख और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 8 करोड़ 56 लाख रुपए की जब्ती की गई है, 46 करोड़ रुपए की अन्य सामग्री जबकि फ्रीबीज 22 लाख की जब्ती की गई है। 18 करोड़ 70 लाख रुपए के साथ जोधपुर जिले में सबसे ज्यादा सीजर हुआ है। दूसरे स्थान पर 11 करोड़ 5 लाख के साथ जयपुर, तीसर स्थान पर गंगानगर ने 9 करोड़ 95 लाख, चौथे स्थान पर भीलवाड़ा 8 करोड़ 35 लाख और पांचवें स्थान पर टोंक ने 5 करोड़ 93 लाख रुपए की जब्ती की है।

बुटाटी धाम से दर्शन कर लौट रहे थे घर

# ट्रेलर में जा घुसी कार.... महिला समेत चार की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर सोमवार सुबह कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में जा घुसी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन महिला भी शामिल हैं, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पर चंदवाजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतकों के शव निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। शाहपुरा के खातेड़ी मोहल्ला निवासी पवन बुनकर, संजना देवी, सुनील बुनकर, पवन बुनकर, नीम का थाना निवासी बीरबल, मोनिका और कपूरी देवी बुटाटी धाम से दर्शन कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान श्रद्धालुओं से भरी कार सेवड़ माता मंदिर के पास पहुंचने पर अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कार सवार शाहपुरा के खातेड़ी निवासी पवन बुनकर, सजना देवी बुनकर, नीमकाथाना निवासी कपूरी देवी और मोनिका देवी की मौत हो गई।

हादसे में शाहपुरा निवासी सुनील, पवन व बीरबल घायल हो गए। हादसे की सूचना पर थाना प्रभारी सुगन सिंह राठौड़ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।




कोर्ट ने 5 लाख का जुर्माना भी लगाया

# डूंगरपुर केस में आजम खान को सात साल की सजा

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को डूंगरपुर मामले में 7 साल की सजा सुनाई है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में आजम खान पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में अन्य 3 दोषियों को 5 साल की सजा सुनाई है। उन सभी पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आजम खान 22 अक्टूबर, 2023 से सीतापुर की जेल में बंद हैं। रामपुर के डूंगरपुर में जमीन खाली कराने को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। इस मामले में आजम खान भी आरोपी बनाए गए थे। 16 मार्च को कोर्ट ने उन्हें दोषी करार देते हुए अपना फैसला सुरक्षित रखा था। 18 मार्च को आजम खान कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुए। आजम खान को धारा 452 के तहत 7 वर्ष की सजा हुई है। कोर्ट ने पूर्व सीओ सिटी आले हसन खान, पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और ठेकेदार बरकत अली को भी दोषी माना है।



### क्या है मामला!

ये मामला समाजवादी पार्टी की सरकार के समय का है। रामपुर में पुलिस लाइन के पास डूंगरपुर में आसरा कॉलोनी बनाई गई थी। कॉलोनी बनने से पहले कुछ लोगों के यहां घर बने हुए थे, जिन्हें अवैध करार देकर 2016 में बुलडोजर से गिरा दिया गया था। सरकार बदलने पर तोड़े गए घरों के पीड़ित मालिकों ने बीजेपी की सरकार आने पर साल 2019 में थाना गंज में 12 मामले दर्ज कराए गए। पुलिस ने जांच के दौरान इन मामलों में आजम खान को भी आरोपी बनाया। उनके खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की गई थी. हालांकि, डूंगरपुर केस के एक मामले में 31 जनवरी 2024 को कोर्ट ने आजम खान को बरी कर दिया था।

बड़े नामों का होगा खुलासा!

# अब SOG खंगालेगी पेपर लीक करने वाले सरगनाओं का नेटवर्क

- पेपर लीक माफियाओं से मिलीभगत करके एसआई बने 14 आरोपी एक दिन के रिमांड पर
- सभी आरोपियों के जयपुर, जालोर व सांचोर स्थित ठिकानों पर एसओजी ने किया सर्च

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में हुई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले माफियाओं के नेटवर्क को खंगालने के लिए एसओजी ने तैयारी कर ली है। प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार हुए सरगना भूपेंद्र सारण, अशोक नाथावत और जगदीश विश्नोई को एसओजी अब आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी और उनके नेटवर्क को खंगालेगी। अब एसओजी द्वारा जांच की जाएगी कि आरोपियों की मिलीभगत से किस-किस विभाग की भर्तियों में अफसर-कर्मचारी बने और वर्तमान में सरकारी विभागों में कार्यरत है।

इसके अलावा पेपर लीक करने में किन-किन राजनेताओं, अफसरों, स्कूलों के संचालक और टीचर शामिल है। इस बिंदु पर भी आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। आरोपियों से पूछताछ के बाद एसओजी एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तीनों आरोपियों से एसओजी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। उधर, एसओजी ने सोमवार को एसआई भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करके एसआई बने अभ्यर्थियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी 14 आरोपियों को फिर से एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले एसओजी ने सभी ट्रैनी एसआई आरोपियों के जयपुर, जालोर व सांचोर स्थित ठिकानों पर दबिश दी है। एसओजी को आरोपियों के घरों पर भर्ती परीक्षाओं से संबंधित कुछ संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। उनकी एसओजी अब जांच कर रही है।

### SOG अब पेपर लीक के चार बड़े माफियाओं को आमने-सामने करके भर्ती परीक्षाओं में हुई धांधली का करेगी खुलासा



### SIT गठन के बाद पेपर लीक की 826 शिकायतें पहुंची


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एडीजी वीके सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी चीफ एडीजी सिंह ने 21 फरवरी को एक हेल्पलाइन नंबर 9530429258 जारी किया था। इस नंबर पर अब तक पेपर लीक से जुड़ी 826 शिकायतें मिली हैं। इनमें सबसे ज्यादा 225 शिकायतें एसआई भर्ती परीक्षा 2021 की हैं। एसओजी ने अपने हेल्पलाइन नंबर पर ये शिकायत ली और उनके दस्तावेज शिकायतकर्ता से ऑनलाइन मंगवाए हैं। एसओजी के अधिकारियों के अनुसार, इन शिकायतों पर एक टीम बनाकर इनकी जांच शुरू कर दी गई है।

### सुरेश ढाका अभी भी फरार

सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के सरगना भूपेंद्र सारण को फरवरी, 2023 में बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। उस पर 1 लाख का इनाम रखा गया था। सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा के सामान्य ज्ञान का जो पेपर 24 दिसंबर, 2022 को होने वाला था। उस दिन उदयपुर पुलिस ने एक निजी बस में बैठे सभी अभ्यर्थियों को पकड़ा था। इस बस के अंदर सामान्य ज्ञान का लीक पेपर हल करवाया जा रहा था। बस के साथ में एस्कॉर्ट करते हुए कार में 2 दलाल भी साथ चल रहे थे। उदयपुर पुलिस ने 2 दलालों सहित पेपर लीक मामले में 46 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने भूपेंद्र सारण को गिरफ्तार कर लिया, जबकि सुरेश ढाका अभी भी फरार है।

## जरूरी खबर

### बेंगलुरु के फूलों से सजे श्याम प्रभु, 12 लाख ने किए दर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** सीकर के खाटूश्याम लक्खी मेले के आठवें दिन सोमवार तक करीब 12 लाख श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दर्शन किए। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार खाटू धाम में अब तक 12 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जैसे-जैसे एकादशी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे खाटू में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। बाबा के दर्शन करने के लिए देशभर से श्रद्धालु निशान लेकर जत्थों में बाबा के जयकारे लगाते हुए पहुंच रहे हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण खाटू धाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। खाटू नगरी की हर एक गली श्रद्धालुओं से लबालब नजर आई।

### पूर्व मंत्री ने आईजी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**बेधड़क.जयपुर।** कोटा जिले में सोमवार को सांगोद में पूर्व मंत्री भरत सिंह ने सांकेतिक अर्थी लेकर कोटा रेंज आईजी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है। बिना परमिशन के प्रदर्शन करने पर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की। इस पर पूर्व मंत्री नाराज हो गए। पूरे घटनाक्रम के दौरान भरत सिंह और डीएसपी नरेंद्र नागर आपस में उलझते हुए भी नजर आए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एक मैरिज हॉल में एकत्र हुए। जहां लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का किया स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने के बाद अब ओम प्रकाश भडाणा को भजनलाल सरकार में देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। सोमवार को भडाणा पद मिलने के बाद जयपुर से अजमेर पहुंचे, जहां अजमेर सीमा पर उनके दाखिल होने के साथ ही समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रैली के रूप में भडाणा शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए अपने गुर्जर धरती इलाके में स्थित आवास पर पहुंचे। मार्ग में विभिन्न संगठनों और भाजपाई कार्यकर्ताओं की ओर से उनका फूल बरसाकर अभिनंदन किया गया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने बड़ी सादड़ी में संगठनात्मक कार्यशाला में संबोधन के दौरान कहा...

# पिछली सरकार ने सिर्फ दावे किए... भाजपा ने निभाए वादे

बेधड़क | जयपुर




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र बड़ी सादड़ी स्थित एलवा माता मंदिर, डूंगला में संगठनात्मक कार्यशाला को सम्बोधित किया। इस दौरान जोशी ने कहा कि देश और प्रदेश में ऐसा कोई व्यक्ति कोई घर नहीं है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला हो।

भाजपा की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया और जो सोचा नहीं था उससे ज्यादा करके दिखाया। मोदी सरकार में रेलवे, हाईवे, एयरपोर्ट लेकर ग्रामीण व शहरी विकास तक हर क्षेत्र में विकास हुआ। देश को परिवार मानकर गरीब कल्याण से लेकर किसान सम्मान, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के उत्थान के लिए काम किया। मां भारती के वैभव को बढ़ाने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन का प्रतिक्षण लगा दिया। इसी का नतीजा है कि आज देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व पर विश्वास है। इसी विश्वास के चलते राजस्थान के हर बूथ पर भाजपा को बढ़त मिलेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ता अपना महत्व व जिम्मेदारी समझे। हर बूथ के एक-एक घर तक पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना है और अपने बूथ पर रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जीत दिलानी है। बूथ स्तर पर स्थानीय जनता के बीच जाकर पार्टी को मजबूत बनाना है।

### पूर्व सरकार ने दिए सिर्फ वादे और नारे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में पूर्व की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को पांच साल सिर्फ वादे और नारे ही दिए। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता की ताकत से ही कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फैकने का काम हुआ है। अब डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मात्र तीन महिनों में ही कई बडे और ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता को राहत पहुंचाने का काम किया है। जनता देख रही है किस प्रकार विधासभा और लोकसभा चुनाव के समय भी विभिन्न दलों के नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ लगी है।

### मोदी के नेतृत्व जता रहे भरोसा

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। भारतीय जनता पार्टी के पास नीति, नेता, नीयत, कार्यक्रम, कार्यकर्ता और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव है, जबकि दूसरे राजनीतिक दलों के नीति, नेता, नीयत, कार्यकर्ता और कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत नेतृत्व ही देश का विकास कर सकता है, जो सिर्फ भाजपा के पास है।

### कार्यशाला में ये रहे मौजूद

कार्यशाला में राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम दक, जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, भाजपा प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम, पूर्व विधायक ललित ओसवाल, छगन सिंह सिसौदिया, चित्तौड़ जिला प्रभारी हेमंत लाम्बा, ज़िला प्रमुख भूपेंद्र बडौली सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ फिर एक बार मोदी सरकार, चार जून 400 पार के नारे लगाए।

## एसीबी की जांच में खुलासा: आय से 116 फीसदी ज्यादा संपत्ति

# सिलिकोसिस के फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर बनाई अकूत संपत्तियां

■ महुआ चिकित्सा अधिकारी व बीएसएनएल में कार्यरत पत्नी के खिलाफ जांच

बेधड़क | जयपुर

सरकार बदलते ही पिछली सरकार के राज में हुए भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अफसरों ने भ्रष्ट अफसरों पर नकेल कसने की पूरी तैयार कर ली है। चिकित्सा विभाग में सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी करने में बड़ा घोटाला करने वाले महुआ के चिकित्सा अधिकारी दिनेश मीणा ने करोड़ो रुपए का गबन करके खुद के व पत्नी सरिता मीणा के नाम से आय से 116 फीसदी से ज्यादा की संपत्तिया अर्जित कर ली।

यह खुलासा एसीबी की जांच में हुआ है। एसीबी की जांच में सामने आया कि दिनेश मीणा वर्ष 2007 में चिकित्सा विभाग में जोइन किया था और उनकी पत्नी वर्ष 2012-13 में बीएसएनएल में जेटीओ के पद पर जोइन किया था। दोनों की जोइनिंग करने से पहले कोई संपत्तिया नहीं थी। जोइन करने से अब तक 8.54 करोड़ रुपए की चल व अचल संपत्तियां मिली हैं। इस अवधी में करीब 1.31 करोड़ रुपए दोनों अधिकारियों ने खर्चा बता रखा है। यानि कुल आय 9.86 करोड़ रुपए सामने आई है, जबकि वेतन-भत्तो व लॉन से कुल आय दोनों अधिकारियों की जांच में 4.56 करोड़ रुपए ही सामने आई है। एसीबी को दोनों अधिकारियों के पास आय से 5.30 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां होने के दस्तावेज मिले हैं। एसीबी दोनों अधिकारियों के खिलाफ अब मामले की जांच कर रही है।




### निलंबित हुआ तो स्टे ले लिया

पड़ताल में सामने आया कि आरोपी दिनेश कुमार मीणा को सिलिकोसिस के फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर करोड़ों रुपए का गबन करने के मामले में चिकित्सा विभाग ने दोषी माना था। जांच के बाद दिनेश कुमार मीणा को सस्पेंड कर दिया था। इस पर मीणा ने विभागीय कार्रवाई पर स्टे ले लिया और अभी उसी पद पर कार्यरत है। मीणा व उसकी पत्नी के नाम से एसीबी को सर्च के दौरान 13 कृषि, आवासीय व व्यवसायिक भूखंड व फ्लेट होने के दस्तावेज मिले हैं।

### ऐसे हुआ करोड़ों का घोटाला

सरकार की ओर से सिलिकोसिस पीड़ित व्यक्ति को पुनर्वास के लिए 3 लाख रुपए की सहायता दी जाती है। इसके साथ ही 1500 रुपए प्रतिमाह मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन दी जाती है। सिलिकोसिस से पीड़ित की मृत्यु होने पर उत्तराधिकारी को 2 लाख रुपए की सहायता दी जाती है। साथ ही पत्नी को विधवा पेंशन व पालनहार योजना का लाभ मिलता है। ऐसे में दलालों ने सिलिकोसिस से पीड़ित व्यक्ति का एक्स-रे दिखाकर डॉक्टरों से सांठगांठ करके स्वस्थ व्यक्तियों के फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण पत्र बनवाए। इसके बाद फर्जी प्रमाण पत्रों से सरकार की ओर से करोड़ो रुपए का भुगतान कर दिया गया।

### 5 जिलों में हुआ था फर्जीवाड़ा

फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण पत्र मामले में अब सरकार की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। दौसा में 11 डॉक्टरों व 11 रेडियोग्राफरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लगातार डॉक्टरों के खिलाफ जांच जारी है। पिछले दिनों दौसा जिले में सिलिकोसिस मरीजों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे थे। इसके चलते चिकित्सा विभाग को लगातार चिकित्सकों द्वारा मिलीभगत कर रोगियों को फर्जी तरीके सिलिकोसिस के प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायतें भी मिल रही थी। जांच में सीकर, भीलवाड़ा व अन्य जिलों में भी फर्जीवाड़ा सामने आया।

## आचार संहिता की सख्ती

# 115 करोड़ से ज्यादा की अवैध शराब, नकदी और अन्य सामग्री जब्त



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 17 करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, फ्रीबीज और नकदी पकड़ी है।

इसी तरह एक मार्च से अब तक एजेंसियों ने 115 करोड़ रुपए कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज और नकदी पकड़ी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। एक मार्च 2024 से अब तक दो करोड़ 41 लाख रुपए कैश, ड्रग्स लगभग 51.56 करोड़ रुपए, शराब 6 करोड़ 71 लाख रुपए और सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की 8 करोड़ 56 लाख रुपए की जब्ती की गई है। 46 करोड़ रुपए की अन्य सामग्री जबकि फ्रीबीज 22 लाख की जब्ती की गई है। 18 करोड़ 70 लाख रुपए के साथ जोधपुर जिले में सबसे ज्यादा सीजर हुआ है। दूसरे स्थान पर 11 करोड़ पांच लाख के साथ जयपुर, तीसर स्थान पर गंगानगर ने 9 करोड़ 95 लाख, चौथे स्थान पर भीलवाड़ा 8 करोड़ 35 लाख और पांचवें स्थान पर टोंक ने पांच करोड़ 93 लाख रुपए की जब्ती की है। गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लगने से अब तक 1 करोड़ 46 लाख रुपए कैश, ड्रग्स लगभग 4.68 करोड़ रुपए, शराब 72 लाख रुपए और सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की 68 लाख रुपए की जब्ती की गई है। 9 करोड़ 77 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। आचार संहिता लगने के बाद भीलवाड़ा ने 1 करोड़ 73 लाख, उदयपुर एवं कोटा में 1 करोड़ 49 लाख, जयपुर 1 करोड़ 37 लाख एवं चित्तौड़गढ़ जिले ने 1 करोड़ 21 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर तय होगी रणनीति

# सीएम 20 को करेंगे कोर कमेटी से चर्चा

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी 20 मार्च को झुंझुनूं दौर पर आएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने दोनों नेताओं के दौरे को देखते हुए सोमवार को कलस्टर कार्यकर्ता व कोर कमेटी की बैठक की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी बुधवार को सुबह 9:50 बजे हेलिकॉप्टर से झुंझुनूं पहुंचेंगे। हेलीपैड से रवाना होकर 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। दोनों बैठक बगड़ रोड नाथ जी के टीले के पास स्थित भाजपा जिला कार्यालय में होगी। सैनी ने बताया कि हवाई पट्टी से जिला कार्यालय के मध्य 7 पॉइंट बनाकर अलग-अलग मोर्चों द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया जाएगा। सैनी ने बताया कि बैठक में झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र के अलावा सीकर, अलवर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के के जानू, जिला प्रभारी के डी बाबर, सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, सांसद नरेंद्र कुमार, झुंझुनूं विधानसभा प्रत्याशी रहे बबलू चौधरी, उदयपुरवाटी विधानसभा प्रत्याशी रहे शुभकरण चौधरीसहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक

# शहर में तीन सेंटरों से रवाना होंगे मतदान दल

बेधड़क | जयपुर



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निवार्चन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव के लिए गठित प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को भयमुक्त और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव करवाने के लिए तमाम जरूरी व्यवस्थाएं एवं इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय कम है, इसलिए निर्वाचन आयोग के निर्देश और आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 18 अप्रैल को जयपुर के जामिया-तुल-हिदाया, राजस्थान कॉलेज एवं सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज से मतदान दल रवाना होंगे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर धूप से बचाव के लिए छाया, पेयजल और बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सहित अन्य इंतजाम दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने, होम वोटिंग और वेब कास्टिंग की आवश्यक तैयारी करने के साथ-साथ सी-विजल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण तय समयावधि में करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों में एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी सक्रिय करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित रूप से बॉर्डर और सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों की जांच की जाए। अवैध शराब, नकदी और ड्रग्स का परिवहन रोका जाए।

## अब जालोर में कांग्रेस को लगा झटका

# कांग्रेस सहित कई पार्टियों व समाजों के नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

■ प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी का दुपट्टा पहनाकर दिलाई सदस्यता

बेधड़क | जयपुर




लोकसभा चुनाव पहले भाजपा में दूसरे दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला जारी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को एक बार फिर कांग्रेस सहित कई दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इसमें खास बात ये है कि जालोर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। जालोर से विधायक रहे रामलाल मेघवाल, आरएपी प्रत्याशी सहित 29 दूसरे दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में जालोर से कांग्रेस के विधायक रहे रामलाल मेघवाल का प्रमुख रूप से नाम शामिल है। मेघवाल का भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए बढ़ा झटका माना जा रहा है। इसके साथ जालोर से ही कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गोकुल परिहार और जालोर से ही कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महामंत्री रमेश मेघवाल ने भी भाजपा का दमन थाम लिया है। मेघवाल के जरिए भाजपा ने कांग्रेस के परम्परागत एससी वोट में सेंधमारी है। इसके अलावा लम्बे से शिक्षक आंदोलन करने वाले देवली उनियारा सीट पर आरएलपी से प्रत्याशी रहे प्रो. विक्रम सिंह गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिचरण गुर्जर, पूर्व सरपंच रतन सिंह, दौसा से कांग्रेस की पूर्व महामंत्री और जिला परिषद भावना सैनी, दौसा पूर्व जिला महामंत्री, पूर्व पंचायत समिति सदस्य भावना गर्ग सहित 29 नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पीएम के संकल्प को पूरा करने आ रहे पार्टी में

इस मौके पर भाजपा जोइनिंग कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव-गरीब कल्याण के संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों से सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले भी तीन बार बड़े स्तर पर सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम हो चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महेंद्रजीत मालवीय, इसके बाद लालचंद कटारिया और फिर डॉ. करण सिंह यादव के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस और दूसरे दलों से आए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

### आमजन का जीवन हुआ सरल

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी का एक ही नारा है, 'अबकी बार 400 पार'। पीएम मोदी के 10 वर्षों के सुशासन में आम आदमी का जीवन सरल हुआ है। समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए सैंकड़ों लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं, प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महज तीन महीने में प्रदेश में अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, महामंत्री दामोदर अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सदस्यता ग्रहण करवाई।

## जरूरी खबर

### रोटरी क्लब जयपुर ने मनाया 77वां चार्टर डे



**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर ने क्लब का 77वां चार्टर डे धूमधाम से मनाया गया। सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा केक काटकर प्रोग्राम का आरंभ किया गया। प्रांतपाल 3056 रो. डॉ. निर्मल कुणावत की आधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया। सार्जेंट एट आर्म्स रो. नवीन जैन ने प्रांतपाल अध्यक्ष और सचिव को रोटरी बैज पहनाया। ईश वंदना रो. सोनाली बेंद्रे के द्वारा की गई। अध्यक्ष रो. उजास चंद जैन एवं सचिव रो. पीयूष जैन के द्वारा प्रांतपाल रो. डॉ. निर्मल कुणावत को रोटरी दुपट्टा एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। सहसचिव रो. श्रीकिशन शर्मा एवं अध्यक्ष नॉमिनी रो. सी ए दुर्गेश पुरोहित के द्वारा प्रांत सचिव रो. दीपक सुखाड़िया को रोटरी दुपट्टा एवं साफा पहनाया गया। अध्यक्ष रो. उजास चंद जैन ने क्लब की मुख्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रांतपाल के निर्देशन में क्लब के विधान एवं नियमों का लोकार्पण किया गया।

### निर्भया स्क्वॉड ने दी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

**जयपुर।** पुलिस की निर्भया स्क्वाड राजधानी की महिलाओं और बालिकाओं को भी निडर व सशक्त बनाने की दिशा में अनूठी पहल कर रही है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्डेंस अकैडमी में निर्भया स्क्वाड की महिला पुलिस कर्मियों की ओर से की बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी। स्कूल सचिव आयुष कुमार शर्मा ने बताया कि इस निर्भया टीम के सहयोग से आगे भी स्कूल द्वारा निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जाएगी। शिविर में विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी शर्मा, चेयरमैन, महिला व बाल विकास समिति रहीं।

**गोविंददेवजी मंदिर में फागोत्सव: मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सत्संग भवन में हो रहा आयोजन**

# फूलों के संग उड़ी गुलाल, ठाकुर के दरबार में लगाई हाजिरी

बेधड़क | जयपुर

राधा गोविन्द मंदिर में चल रहे फागोत्सव के दूसरे दिन ठाकुर जी के सामने अलग-अलग इलाकों से आए कलाकारों ने फाग गाने के साथ नृत्य कर फूलों और गुलाल से होली खेले। इसके चलते पूरा मंदिर परिसर फूलों और गुलाल से महकता नजर आया। वृंदावन की होली की तरह ही गोविंददेवजी मंदिर की होली पूरे प्रदेश में अपनी अनूठी पहचान रखती है। मंदिर में मुख्य फागोत्सव की शुरुआत होलाष्टक से होती है, जो होली तक चलती है।

सत्संग भवन में चल रहे पारंम्परिक फाग महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में अनेक कलाकारों ने गायन और वादन से ठाकुर जी के समक्ष हाजिरी लगाई। मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया- फागोत्सव का शुभारंभ पंडित जगदीश शर्मा ने होली खेल रहे फागण में गणपति से किया। कुंज बिहारी जाजू ने भक्त कवि युगल किशोर शर्मा की प्रेमभाया को समर्पित रचना पाछा से मटकी फोड़ी सुनाकर मंदिर में मौजूद जन समूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।



फोटो: पंकज शर्मा

### कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति

संगीत आश्रम से वीणा अनुपम और उनकी शिष्याओं ने आज माई मोहन खेलत होरी नृत्य पर मनोहारी प्रस्तुति दी। परवीन मिर्जा ने मत डालो रंग गुलाल भजन गाया जिस पर मीनाक्षी ने नृत्य प्रस्तुत किया। कथक नृत्य गुरु संगीता मित्तल और उनकी शिष्य मंडली के एक दर्जन कलाकारों ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को होली के रंग में रंग दिया।

### कई कलाकार लगाएंगे हाजिरी

शेखावाटी सांस्कृतिक कला मंदिर के सोहन सिंह तंवर और उनके लगभग डेढ़ दर्जन साथी कलाकारों ने शेखावाटी की धमाल प्रस्तुत की। कुंज बिहारी जाजू, कमल कांत कौशिक, समता जैन, ईश्वर दत्त माथुर, उल्लास पुरोहित ने भी फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। संचालन संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने किया।

### भजनों से बनाया भावमय माहौल

आज बिरज में होरी रे रसिया पर उनके साथ रमेश मेवाल ने गायन किया। श्रुति मिश्रा, स्वाति अग्रवाल और उनके दल के कलाकारों ने भी नृत्य प्रस्तुति दी। राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने धमाल की प्रस्तुति दी, जिसमें संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने सहगायन किया। भाव सुर ताल ग्रुप के डॉ. अंकित पारीक ने नृत्य प्रस्तुत किया।

**पाइप लाइन मरम्मत और इलेक्ट्रिक मेंटिनेंस के कारण कटौती**

# 544 गांवों में 2 दिन पानी बंद, 30 कॉलोनियों में आज बिजली कट

बेधड़क | जयपुर

बीसलपुर दूदू पेयजल परियोजना ट्रांसमिशन मैन पाइप लाइन की मरम्मत के चलते दो दिन तक 539 गांव और 05 कस्बों में पानी नहीं आएगा। साथ ही मैंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को 30 कॉलोनियों में बिजली कटौती की जाएगी। एडिशनल चीफ इंजीनियर अमिताभ शर्मा ने प्रभावित गांवों-कस्बों के लोगों से पानी के भंडारण की अपील की है। ताकि दो दिनों के दौरान लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

बीसलपुर दूदू पेयजल परियोजना ट्रांसमिशन मैन पाईप लाईन की मरम्मत के चलते दो दिन शट डाउन लिया जा रहा है। इसके कारण मोर, मालपुरा, पचेवर, दूदू, नरेना और सांभर पम्प हाउस से जुड़े 539 गांव और 05 कस्बों (मालपुरा, फुलेरा, सांभर, किशनगढ़ रेनवाल और जोबनेर) में दो दिन तक पानी नहीं आएगा। 19 मार्च की रात 11:30 से 21 मार्च की रात 11:30 बजे तक पानी की सप्लाई बंद रहेगी।





### इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी पानी की सप्लाई

एडिशनल चीफ इंजीनियर अमिताभ शर्मा ने बताया- 117.50 किलोमीटर लम्बाई की ट्रांसमिशन लाइन में कामों के चलते संबंधित क्षेत्र में पानी की सप्लाई पूरी तरह से बाधित रहेगी। इसे लेकर मोर और मालपुरा पम्प हाउस से लाभान्वित 134 गांव और मालपुरा कस्बे में पेयजल सप्लाई 19 मार्च की रात 11:30 बजे से 21 मार्च रात 11:30 बजे तक बाधित रहेगी। इसी तरह पचेवर, दूदू पम्प हाउस से लाभान्वित 150 गांवों की पेयजल सप्लाई 19 मार्च रात 11:30 बजे से 22 मार्च दोपहर 11:30 बजे तक बाधित रहेगी।

**लोगों से पानी भंडारण की अपील:** एडिशनल चीफ इंजीनियर ने बताया कि नरेना और सांभर पम्प हाउस से लाभान्वित 255 गांव तथा फुलेरा, सांभर, किशनगढ़ रेनवाल और जोबनेर कस्बों में 19 मार्च रात 11:30 बजे से 22 मार्च रात 11:30 बजे तक पूरी तरह से बाधित रहेगी। ऐसे में आमजन दो दिनों के लिए समुचित मात्रा में पेयजल का भण्डारण कर लें।

### इन कॉलोनियों में आज विद्युत कटौती

राजधानी में मंगलवार को कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी। शहर के मानसरोवर, सांगानेर, प्रतापनगर समेत 30 से अधिक कॉलोनियों में मेंटेनेंस के कारण कटौती होगी। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अलग-अलग शिफ्टों में मेंटेनेंस होगा। किसी भी असुविधा से बचने के लिए जरूरी काम पहले निपटा लें। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रताप नगर क्षेत्र सम्पूर्ण सेक्टर 6 और आसपास, मानसरोवर क्षेत्र में चीलगाड़ी पब्लिक स्कूल, राधा मुकुट बिहार, गुप्ता फार्म, बाहुबली नगर, कमल नगर और आसपास, सांगानेर क्षेत्र में सीताबाड़ी, राम मंदिर, माधुर वैश्य नगर, कमानी फार्म, शाह रेजिडेंस, टाटा मोटर्स शोरूम और आसपास बंद रहेगी। इसके साथ ही रजनी विहार, गिरधारीपुरा ए, बी, सी, डी, कच्ची बस्ती, श्याम सरोवर, बासडी, भिवालों की ढ़ाणी, रामचंद्र नगर, हसमपुरा, मुकुंदपुरा, कृष्णम रेजीडेंसी के आसपास के क्षेत्र में बिजली कटौती की जाएगी। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक गांधी पथ, गुरु जम्भेश्वर नगर और आसपास के क्षेत्र बिजली बंद रहेगी।

**निर्माणाधीन मकान में चोरी**

## कचरा बीनने के बहाने घुसीं और डेढ़ लाख का सामान ले गईं



बेधड़क | जयपुर

सुमेर नगर-2 कल्याणपुरा मुहाना में निर्माणाधीन मकान में दिनदहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। कचरा उठाने के बहाने आई महिला गैंग निर्माणाधीन मकान में जा घुसी और प्लास्टिक के कट्टों में डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान भरकर ले गई। मकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में महिला चोर गैंग की करतूत कैद हो गई।

हेड कॉन्स्टेबल प्रेम सिंह ने बताया कि निर्माण नगर श्याम नगर निवासी अंशुल कायस्थ (39) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि सुमेर नगर-2 कल्याणपुरा मुहाना में उनके मकान का काम चल रहा है। कचरा उठाने के बहाने 7-8 महिलाएं मकान के बाहर आई। उनको निर्माणाधीन मकान में कोई नहीं दिखा तो सभी अंदर घुस गई।

यह महिलाएं मकान के स्टोर में रखे बिजली के तार के बंडल, मोटर और सैनेटरी के सामान को अपने साथ लाए प्लास्टिक के कट्टों में भरकर ले गई। जब वह मकान पर पहुंचा तो स्टोर में रखा सामान गायब था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोरी गए माल की कीमत करीब 1.50 लाख रुपए है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अखबार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह 24 को**

## फागोत्स के संग होगा परिचय सम्मेलन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान ब्राह्मण समाज के लोगों का होली मिलन समारोह 24 मार्च को बजरी मंडी रोड स्थित होटल आतिथेय में मनाया जाएगा। इस दौरान सरयूपारीण ब्राह्मण समाज राजस्थान का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को ओम प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई सरयूपारिण ब्राह्मण समाज, राजस्थान की कार्यकारिणी की बैठक में किया गया। इसमें होली की तैयारी पर खास विचार विमर्श किया गया और पूरी कार्यविधि तय की गई। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों की कमेटी गठित की गई। समाज के अध्यक्ष त्रिपाठी उत्सव में केमिकल फ्री रंग और गुलाल के साथ साथ फूलों की होली मनाई जाएगी। रंगों के साथ समाज के लोग एक जगह मिल कर खुशियों के साथ होली को सेलिब्रेट करेंगे। समाज के महासचिव सुरेन्द्र चौबे ने बताया कि ने इस मौके पर सभी सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाएं दी और सामाजिक एकता और भाई चारे के संदेश को साझा करने का आह्वान किया।



**आधार संचालकों ने जयपुर में किया विरोध प्रदर्शन**

## आधार मशीनों के बदले वसूली रकम वापस मांगी

बेधड़क | जयपुर

शिक्षा विभाग की ओर से आधार ऑपरेटर्स को मिले मशीन सेट के विरोध में आधार संचालकों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। राजस्थान प्रदेश ई मित्र ऑपरेटर एसोसिएशन के बैनर तले आधार संचालकों ने मशीन सेट के बदले वसूली राशि वापस देने की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष बलवीर सिंह सैनी ने बताया कि शिक्षा विभाग के नाम पर निजी कंपनी द्वारा ऑपरेटरों से दो से 3 लाख रुपए की राशि गैरकानूनी तरीके से ली गई है, वो वापस ऑपरेटरों को लौटाई जाए। 295 ब्लॉक के 590 मोबाइल आधार सेवा केन्द्र बंद हैं, उन्हें ब्लॉक कार्यालय में ही संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि मैसर्स रेडिएन्ट हाडौती इडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड द्वारा ऑपरेटरों से 2 से 3 लाख रुपए की राशि गैरकानूनी तरीके से ली गई है, जिसका टेंडर निरस्त करते हुए विभाग स्तर से मोबाइल आधार सेवा केन्द्रो का संचालन किया जाए। वहीं, जीएसटी के नाम पर वसूली नहीं की जाए और अन्य किसी तरह का चार्ज नहीं लगाया जाए। बलवीर सिंह ने कहा कि 590 के अलावा कोई भी मोबाइल आधार सेवा केन्द्र निजी परिसर में संचालित नहीं किए जाए। मोबाइल आधार सेवा केन्द्र को ब्लैक लिस्ट करने से पूर्व ऑपरेटर को सुनवाई का अवसर दिया जाए। वहीं मोबाइल आधार सेवा केन्द्र राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधीन चालू की जाये ना की किसी प्राइवेट कंपनी के अधीन हो।




**ऐप के जरिए ब्लैकमेल करने वाले 5 बदमाश गरफ्तार**

# डेटिंग दोस्त ने दिया दगा, मिलने बुलाकर बनाया अश्लील वीडियो

बेधड़क | जयपुर

डेटिंग ऐप के जरिए दोस्ती की, मिलने के बहाने बुलाया और जबरन कपड़े खुलवाकर वीडियो बना लिया। साथ ही रोड पर न्यूड कर घुमाने की धमकी देकर रुपए ऐंठ लिए। यह मामला राजधानी के शिप्रापथ थाने का है। पुलिस ने इस मामले में 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से पूछताछ में सामने आया कि इनकी गैंग डेटिंग ऐप के जरिए लोगों को लूट रही थी।

एएसआई पूरणमल ने बताया पीड़ित छत्तीसगढ़ निवासी 30 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि डेटिंग ऐप के जरिए उसकी एक लड़के से बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान उसने मिलने के लिए मानसरोवर बुलाया था। 15 मार्च को वह मिलने के लिए मानसरोवर पहुंचा तो आरोपी उसे थड़ी मार्केट स्थित अपने कमरे पर ले गया। जहां कुछ देर बाद 3-4 लड़के और आ गए।



### धमका कर 15 हजार रुपए करवाए ट्रांसफर

उन्होंने डरा-धमकाकर जबरदस्ती उसके कपड़े खुलवा दिए। न्यूड कर अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद परिवार वालों के मोबाइल नंबर लेकर वीडियो भेजने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड की। आरोपियों ने धमकाया कि रुपए नहीं देगा तो पुलिस को बुला लेंगे। सड़क पर नंगा करके घुमाएंगे। आरोपियों ने डरा-धमकाकर उससे 15 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों के चंगुल से बचकर निकलने पर पीड़ित ने शिप्रा पथ थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

### सरगना सहित पांच बदमाशों को पकड़ा

एएसआई ने बताया- पुलिस ने मामले में सरगना अमन शर्मा (21) निवासी उदयपुरवाटी (नीमकाथाना) हाल पार्श्वनाथ कॉलोनी मुहाना, चन्द्रभान सिंह उर्फ गट्टू बन्ना (22) निवासी मोहनपुरा राजावतान फागी (दूदू) हाल पार्श्वनाथ कॉलोनी मुहाना, श्रवण मेघवाल (21) निवासी गुडा एन्दला (पाली) हाल पार्श्वनाथ कॉलोनी मुहाना और कन्हैयालाल (27) व विशाल कंकाल (22) निवासी फागी (दूदू) हाल थड़ी मार्केट, मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि डेटिंग ऐप के जरिए बदमाश लोगों को फांस कर मिलने बुलाते थे। फिर न्यूड वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने का काम करते थे।

### मिलने के बहाने आए रिश्तेदार ने किया रेप

**जयपुर।** रिश्तेदार युवक के एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी रिश्तेदार मिलने के बहाने घर आया था। आरोपी ने उसे अकेला देखा तो उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। जब उसने विरोध किया तो चाकू दिखाकर डरा-धमकाया और रेप किया। पीड़िता ने आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (मुहाना) मदनलाल कड़वासरा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 37 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया- उसके साथ रिश्ते में लगने वाले देवर ने रेप किया है। आरोपी ने उसके अश्लील फोटो खींच लिए और किसी को बताने पर अश्लील फोटोज को वायरल करने की धमकी दी।

## जरूरी खबर

### भुगतान की मांग को लेकर महिला मजदूरों का प्रदर्शन



**सीकर।** अखिल भारतीय खेत-मजदूर यूनियन, सीकर के बैनर तले सफाई मजदूरी का भुगतान करने की मांग को लेकर सैंकड़ों मजदूरों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। मजदूरों ने कलेक्ट्रेट के बाहर राज्य सरकार और सीकर नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन बगड़िया ने कहा कि मजदूरों को 259 रुपए प्रतिदिन मजदूरी मिलती है, जिसका भुगतान पिछले 6 महीने से नहीं किया गया।

### अस्पताल में गंदगी पर नाराज हुईं संभागीय आयुक्त

**बीकानेर।** संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने सोमवार को पीबीएम के जनाना विंग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम और के-वार्ड की व्यवस्थाएं देखीं और अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जगह-जगह गंदगी देख संभागीय आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करवाने, रेगुलर बेडशीट बदलने, सफाई सुबह जल्द पूरी करवाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने लेबर रूम में मशीनों व अन्य उपकरणों की स्थिति को देखा और इन उपकरणों को चालू रखने को कहा। वहीं मरीज से दुर्व्यवहार या लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

### भयमुक्त मतदान के लिए निकाला फ्लैग मार्च



**कुचामनसिटी।** निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की तिथियों का ऐलान होते ही पुलिस शांतिपूर्ण चुनाव करवाने की तैयारियों में जुट गई है। पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिला स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला। इसमें कुचामन वृत के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। एडिशनल एसपी ताराचंद चौधरी के नेतृत्व में कुचामन थाना प्रभारी सुरेश चौधरी, चितावा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों व जवानों ने कुचामन थाने से फ्लैग मार्च शुरू किया।

**प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश:** कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

# पठान की जमानत याचिका खारिज, कांग्रेसजनों में दिखा उबाल

**बेधड़क** | कोटा

अजमेर दरगाह के पूर्व सदर और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके अमीन पठान को पुलिस की ओर से रविवार को गिरफ्तार करने के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा कर दिया।

अमीन पठान पर वन भूमि पर अतिक्रमण, राजकार्य में बाधा, मारपीट और धमकी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अनंतपुरा थाना पुलिस ने अमीन पठान को गिरफ्तार कर अवकाश कालीन न्यायालय में पेश किया, जहां से उनकी जमानत खारिज कर उन्हें जेल भेजने के



आदेश दिए गए। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण के पदाधिकारियों ने कॉमर्स कॉलेज रोड पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। वहीं अनंतपुरा इलाके में अमीन पठान समर्थकों ने दुकानें बंद करवाई। जानकारी के अनुसार कि शनिवार को वन विभाग की टीम अनंतपुरा क्रेशर बस्ती इलाके में पत्थर गड़ी करने के लिए पैमाइश करने गई थी। तब अमीन पठान का फार्म हाउस वन विभाग की जमीन पर पाया गया। पैमाइश के दौरान अमीन पठान उनकी पत्नी पूर्व पार्षद रजिया पठान और इलाके के 10-15 लोग लोगों ने वन विभाग की टीम को घेर लिया। उन लोगों ने गाली-गलौज की और धमकी दी। इस पर वन विभाग के रेंजर संजय नगर में अनंतपुरा थाने में मामला दर्ज कराया। इस कार्रवाई करते हुए सोमवार को अमीन पठान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अमीन पठान के वकील हरीश शर्मा ने इसे राजनीति से प्रेरित मामला बताया है और जमानत के लिए फिर से अपील करने की बात कही है।

#### लंबे समय तक भाजपा से जुड़े रहे

अमीन पठान राजनीति में काफी सक्रिय नाम हैं। अमीन पठान लंबे समय तक भाजपा से जुड़े रहे हैं और भरतपुर के कामां से टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिलने के नाराजगी के बाद अमीन पठान ने कांग्रेस जोइन कर ली थी। भाजपा शासन में अमीन पठान राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त हज कमेटी के चेयरमैन भी रहे। वहीं राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

#### सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमीन पठान की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विरोध उबाल पर दिखा। पठान की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही अनंतपुरा में दुकानें भी बंद करावा दी गई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर अमीन पठान को झूठे केस में फंसाने के आरोप लगाए हैं। समर्थकों ने कहा कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर इस तरह कार्रवाई को नहीं सहेंगे।

**फर्जी वेबसाइट बना कर कॉल करने** वालों से ऐंठते थे रुपए

# एस्कॉर्ट सर्विस का झांसा देकर ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले की गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने ऑनलाइन एक्सपोर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट बना रखी है, जिस पर उपलब्ध कराए गए व्हाट्सएप नंबर पर कॉल करने वाले व्यक्तियों को झांसा देकर ठगी की जाती हैं।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि प्रशिक्षु आईपीएस एसएचओ गोवर्धन विलास निश्चय प्रसाद एम को सूचना मिली थी कि दक्षिण विस्तार योजना स्थित एक मकान में कुछ युवकों ने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का सेंटर बनाया है।

सूचना पर एडिशनल एसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन व सीओ गजेंद्र सिंह राव के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित की गई।

एसपी गोयल ने बताया कि इस सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस श्रीप्रसाद एम की टीम द्वारा सांकेतिक मकान पर दबिश देकर ठगी कर रहे आरोपी राहुल पाटीदार, मनीष पाटीदार, अजीत पाटीदार एवं पंकज पाटीदार निवासी सकानी थाना आसपुर जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार कर इनके पास से 15 मोबाइल, 15 एटीएम कार्ड व हिसाब का रिकॉर्ड जप्त किया। जब्त किए गए मोबाइल में ठगी के संबंध कई साक्ष्य पुलिस को मिले हैं।

■ आरोपियों से 15 मोबाइल 15 एटीएम कार्ड व रिकॉर्ड जब्त



**पुलिस के हाथ लगे ठगी के सबूत**

एसपी गोयल ने बताया कि इस सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस निश्चय प्रसाद एम की टीम ने सांकेतिक मकान पर दबिश देकर ठगी कर रहे आरोपी राहुल पाटीदार, मनीष पाटीदार, अजीत पाटीदार और पंकज पाटीदार निवासी सकानी थाना आसपुर जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार किया। वहीं, आरोपियों के पास से 15 मोबाइल, 15 एटीएम और हिसाब के रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। साथ ही जब्त किए गए मोबाइल से पुलिस को ठगी से संबंधित कई साक्ष्य मिले हैं।

#### आरोपी ऐसे करते हैं ठगी

अनुसंधान में सामने आया कि अभियुक्तों ने फर्जी वेबसाइट बना रखी है। इस पर इन्होंने कॉल गर्ल उपलब्ध कराने का विज्ञापन देकर व्हाट्सएप नंबर दिया है। इनके द्वारा दिए गए व्हाट्सएप पर जब कोई व्यक्ति संपर्क करता है तो अभियुक्त उसे कई लड़कियों की फोटोग्राफ दिखा उनमें से कोई एक को सेलेक्ट करने के लिए कहते हैं।

#### फोटो सेलेक्ट करते ही ठगी का खेल शुरू

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राहक द्वारा जब फोटो सेलेक्ट की जाती है उसके बाद ये लोग एडवांस के तौर पर 500 या 1000 रुपए ले लेते हैं। बाद में सिक्योरिटी राशि के नाम पर और रकम मांगते हैं। इसके बाद भी आरोपी अलग-अलग प्रकार की राशि भेजने के लिए कहते हैं। जब ग्राहक को पता चलता है और विरोध करता है तो वह उसका व्हाट्सएप नंबर ब्लॉक कर देते है। ग्राहक भी शर्म व लोकलाज के मारे घटना की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते।

**लोस चुनाव में विरोध** का ऐलान

## भाजपा के खिलाफ जाटों ने खोला मोर्चा, वादा खिलाफी का आरोप




**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के जाट समाज ने लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेमसिंह फौजदार के निवास पर जाट समाज की एक बैठक में यह तय किया गया।

समाज के संयोजक का कहना है कि भाजपा सरकार ने उन्हें आरक्षण न देकर, उनके साथ विश्वासघात किया है। इसलिए अब वे जिलेभर के गांव-गांव जाकर बीजेपी के खिलाफ प्रचार करेंगे। इसके लिए समाज ने बीजेपी के खिलाफ पोस्टर भी छपवाए हैं, जिनका सोमवार को विमोचन किया गया। आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेमसिंह फौजदार ने कहा कि भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज ने केंद्र में आरक्षण की मांग को लेकर समाज ने जयचौली में महापड़ाव किया था। इसके बाद सरकार से हुई चर्चा में मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया था। समाज के लोगों ने आचार संहिता से पहले आरक्षण की घोषणा नहीं होने की स्थिति में पहले ही चेतावनी दे दी थी। इसी मुद्दे को लेकर बैठक की गई। बैठक में संघर्ष समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। समिति ने बुधवार को संघर्ष समिति ने एक और बैठक बुलाई है, जिसमें हर विधानसभा क्षेत्र से 11-11 सदस्य मौजूद रहेंगे। इस बैठक में चुनावों के दौरान समाज की रणनीति को लेकर फैसला लिया जाएगा।

**गैंग का पर्दाफाश...** दो आरोपी गिरफ्तार

## साइबर ठगों को बेचते थे चोरी के मोबाइल

**बेधड़क** | भरतपुर

साइबर ठगों को चोरी के मोबाइल फोन बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से चोरी के कुल 76 एंड्राइड मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, एक चेक बुक, एक बैंक पासबुक, एक बिल बुक और 41 हजार रुपए नकद जब्त किए गए हैं।

जुरहरा थाना अधिकारी विरेंद्र कुमार ने बताया कि रेंज स्पेशल टीम भरतपुर से सूचना मिली कि गांव सतपुड़ा में एक सरगना है जो चोरी के मोबाइल फोन को



खरीदकर महंगे दामों में साइबर ठगी करने वाले लोगों को बेचता है। सूचना पाकर तत्कालीन जुरहरा पुलिस ने गांव सतपुड़ा में दबिश देकर सरगना के दो आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। उनके पास मौके से 76 एंड्राइड मोबाइल 2 एटीएम कार्ड 1 चेक बुक 1 बैंक पासबुक 41 हजार रुपए जब्त किए हैं। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है और जानकारी जुटा रही है चोरों का ऐसा कौन सा सरगना है जो इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन इनको उपलब्ध कराता है। फिर यह आगे साइबर ठगों को बिक्री करते हैं।

**अर्धनग्न प्रदर्शन:** 50 किलोमीटर दूर सेंटर देने का जता रहे विरोध

## कुलपति के खिलाफ फूट रहा छात्रों का गुस्सा

**बेधड़क** | भरतपुर

भरतपुर और डीग जिले में महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय के कुलपति का लगातार विरोध जारी है। कुलपति को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को स्टूडेंट ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया। इसके अलावा जिन कॉलेजों के सेंटर दूर आए हैं, उन कॉलेजों के स्टूडेंट यूनिवर्सिटी पर पहुंचे और कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन किया।

यूनिवर्सिटी पर प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने बताया कि 14 मार्च को कुलपति ने एक आदेश जारी किया था। उसमें बताया गया था



कि जिन कॉलेजों का एफिलेशन नहीं हैं, उन कॉलेजों के स्टूडेंट पेपर नहीं देंगे। कुलपति रमेश चंद्रा के एक आदेश का जिले के कई कॉलेजों ने विरोध किया। अब कुलपति ने बदला लेने की नीयत से जिन कॉलेजों ने विरोध किया था उन कॉलेजों का सेंटर 50 किलोमीटर दूर कर दिया है। ऐसे में अब छात्राएं इतनी दूर कैसे पेपर देने जाएंगी? छात्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई केंद्र के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया है। जनसुनवाई केंद्र पर अवगत करवाया गया है कि महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय के कुलपति भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कुलपति पर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। हमारी मांग है कि कुलपति के खिलाफ एसआईटी की जांच होनी चाहिए। नहीं तो स्टूडेंट को भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।

**पूरा जीवन अग्नि को मानेंगे अपना इष्ट**

# अग्निहोत्र परंपरा से दीक्षा: मंत्रों से प्रकट की गई अग्नि पर बना भोजन ही करेंगे

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर में 300 साल से चली आ रही अग्निहोत्र परंपरा को निभाते हुए पति-पत्नी ने एक साथ दीक्षा ली। अब वे अग्नि को ही अपना इष्ट मानकर इस परंपरा के सारे नियमों का पालन करेंगे। पति-पत्नी जीवन भर माचिस का उपयोग नहीं करेंगे। इतना ही नहीं, दोनों अरणी मंथन (मंत्रों से प्रज्वलित की गई अग्नि) से बना खाना ही खाएंगे।

सोमवार सुबह 10 बजे जोधपुर शहर के चांदपोल अग्निहोत्रालय आश्रम में दीक्षा शुरू हुई। शाम करीब 4 बजे तक चले यज्ञ के बाद दंपती को अग्निहोत्री की उपाधि मिली। दरअसल, कुछ दिनों पूर्व अग्निहोत्री पंडित



सोमदत्त शर्मा पुरोहित का देवलोक गमन हो गया था। इसके बाद पंडित रविदत्त पुरोहित और उनकी पत्नी अंजली पुरोहित को कुल परंपरा के अनुसार उत्तराधिकारी बनाया गया है। इस परंपरा के तहत दीक्षा लेने वाली यह चौथी पीढ़ी है। दीक्षा लेने वाले रविदत्त पुरोहित ने बताया कि हम अपने परिवार की तीन पीढ़ियों से चली आ रही अग्निहोत्र परंपरा का निर्वहन करने जा रहे हैं। अब से पूरा जीवन अग्नि को ही इष्ट मानने, उसी अग्नि पर बने अन्न को ग्रहण करने के साथ ही ब्राह्मण समाज के बच्चों को वेदों का अध्ययन भी करवाएंगे। सुबह और शाम, दोनों समय हवन करना होगा। खाना बनाते वक्त भी माचिस का उपयोग नहीं करेंगे।

यानी आश्रम में मंत्रों से प्रज्वलित अग्नि पर बना हुआ खाना ही खा सकेंगे। यदि घर या शहर से बाहर किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो वहां भी अग्निहोत्र परंपरा के तहत बना भोजन करना होगा। यदि ऐसी व्यवस्था नहीं होती है तो फल ही खाने होंगे। उन्होंने बताया कि अग्निहोत्री को जन्म और मरण का कोई सूतक नहीं लगता है। परिवार में किसी की भी मौत के बाद श्मशान नहीं जा सकेंगे।

#### 300 साल से जल रही है अग्नि

अग्निहोत्री नवरत्न व्यास ने बताया- यहां पर शिवराज हर्ष महाराज ने अपने गुरु से सबसे पहले अग्नि की दीक्षा ली थी। तब यहां पर यज्ञशाला बनाई गई थी। तब से उनके ही परिवार के विष्णुदत्त महाराज ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। बाद में सोमदत्त महाराज ने अपनी पत्नी सूरज कौर के साथ अग्निहोत्र परंपरा को जीवंत रखा। दीक्षा कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आए डॉ. योगेश्वर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। नवरत्न व्यास ने बताया कि पुराने समय में ऋषि-मुनि इसी परंपरा के तहत अग्नि मंथन से हवन आदि करने के साथ ही भोजन बनाया करते थे। अब इन पति-पत्नी को भी इन नियमों का पालन करना होगा। इन्हें दिन में दो बार हवन करना होगा। अमावस्या के अगले दिन और पूर्णिमा के अगले दिन यानी प्रतिपदा को विशेष हवन करना होगा।

#### इस तरह से करते हैं अरणी मंथन

अरणी मंथन के लिए शमी (खेजड़ी) की लकड़ी का तख्ता काम में लिया जाता है। इसमें एक छेद रहता है। इस छेद पर लकड़ी की छड़ी को मथनी की तरह तेजी से चलाया जाता है। इससे तख्ते में चिंगारी उत्पन्न होने लगती है। इसे नीचे रखी घास व रुई में लेकर उसे हवा देकर बढ़ाया जाता है। इसी अग्नि का यज्ञ में उपयोग किया जाता है। अरणी में छड़ी के टुकड़े को उत्तरा और तख्ते को अधूरा कहते हैं। अरणी मंथन प्रक्रिया शुरू करने से पहले पत्नी के साथ मिलकर अरणी मंथन के लिए पूजा करते हैं। एक बार अरणी मंथन से प्रकट की गई अग्नि को कुंड में गोबर के उपलों के साथ रखा जाता है। इसके बाद राख से ढक दिया जाता है। अगले दिन राख हटाकर फिर से काम में लिया जाता है।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में शुरू हुआ संस्कृत भाषा दक्षता शिविर

# शिविर में छात्र सीख रहे संस्कृत में सहज सम्भाषण की तकनीक

बेधड़क । जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में सोमवार को प्राध्यापक विकास केंद्र पांच दिवसीय संस्कृत भाषा दक्षता शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंटर फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड प्रैक्टिस संस्था के शोधाधिकारी डॉ. जय बहादुर सिंह कच्छावा थे। अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राजस्थान विवि की शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह रत्नू थीं। केन्द्र निदेशक प्रो. वाई रमेश ने बताया की इस दक्षता शिविर कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तर मध्य भारतीय परिसरों के व आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के पश्चिमी क्षेत्रीय युवा महोत्सव में विजेता छात्रों व चयनित खिलाड़ियों को संस्कृत भाषा दक्षता का प्रशिक्षण विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

मुख्य अतिथि डॉ. जय बहादुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा का महत्व बताते हुए इसे प्राचीन ज्ञान का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि व्यवहार करने पर ही कोई भाषा सुगम्य होती है। विशिष्ट अतिथि प्रतिभा सिंह रत्नू ने बताया कि संस्कृत भाषा का भविष्य हमारे आज



के छात्र हैं। उन्होंने क्रीड़ा को जीवन के लिए औषधि मानते हुए संस्कृत निष्ठ खिलाड़ियों की वर्तमान समय में आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष व परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन को बताते हुए खेलों के माध्यम से संस्कृत संभाषण के औचित्य व महत्व पर प्रकाश डाला।



### खेलों के माध्यम से करेंगे भाषा में दक्ष

शिविर के माध्यम से छात्र छात्राओं में संस्कृतमय वातावरण निर्माण करना, परस्पर वार्तालाप, गीतिका, संस्कृत शुद्ध श्लोक उच्चारण पाठ, गीतापाठ, स्वाध्याय, व्याकरण, साहित्य आदि के नियमों की जानकारी तथा संस्कृत में वाक्य निर्माण करना सिखाया जाएगा। इसमें छात्रों को क्रीड़ा, सामान्य क्रियाकलाप आदि के माध्यम से संस्कृत भाषा के व्यवहार में दक्ष किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. नमिता मितल, डॉ. किरण खींची, डॉ. नरेश सिंह, डॉ. घनश्याम हरदेनिया, डॉ. डमरूधरपति व डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सहित अनेक संस्कृत विद्वान् व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## Yuva स्टोरीज

### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू



बेधड़क । जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से प्रबंधन अध्ययन विभाग में 'एसपीएसएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अनुसंधान विधियों और डेटा विश्लेषण' विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत सोमवार को हुई। एफडीपी के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता एसकेआईटी के निदेशक (शैक्षणिक) प्रो. एसएल सुराणा ने की। उन्होंने संकाय सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान प्रयासों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। एचओडी-डीएमएस डॉ. ओना लाडीवाल ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. दीपक कुमार, डॉ. मनोज कुमार सैन और डॉ. अचिन श्रीवास्तव एफडीपी के विशेषज्ञ हैं। एचओडी-एमई डॉ. धीरज जोशी ने कार्यवाही के दौरान एफडीपी के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अतुल गुप्ता, डॉ. अजय वर्मा एवं डॉ. मनोज सैन ने किया। इस तरह की पहल संस्थान के समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता में योगदान करते हुए संकाय सदस्यों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### रावत बने समर्पण संस्था के एजुकेशनल ब्रांड एंबेसडर

बेधड़क । जयपुर



रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत समर्पण संस्था के एजुकेशनल ब्रांड एंबेसेडर बने हैं। रावत मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वी राज रूपन से सम्मानित होने के साथ साथ 250 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। मोटिवेशनल स्पीकर रावत अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव के रूप में 21 हजार परिंडे बांधने के साथ साथ दानोत्सव के विशाल अभियान का भी संचालन कर चुके हैं। दानोत्सव के अंतर्गत रक्तदान, अन्नदान, वस्त्रदान, समय दान, श्रम दान आदि कार्यक्रम भी रावत सफलतापूर्वक संचालित कर चुके हैं। समर्पण संस्था के ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्होंने शिक्षा दान का संकल्प लिया है, जिसमे जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकेगी।

### छात्रों को विशेषज्ञों ने दी सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग



बेधड़क । जयपुर

मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज में एमएससी स्टूडेंट्स के लिए आयोजित सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन सोमवार को हुआ।

तीन सप्ताह तक चले इस आयोजन में स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट्स की देखरेख में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के साथ ही सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान स्टूडेंट्स को प्रेजेंटेशन के विभिन्न तरीके सिखाए गए, जिससे वे अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से सामने वाले के सामने रख पाएं। कॉलेज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि संस्थान की ओर से नियमित रूप से स्टूडेंट्स के डेवलपमेंट के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके एवं वे बेहतर परफॉर्म कर सकें।

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में भारतीय भाषा सम्मेलन

# साकार हुई भाषाओं के सुनहरे भविष्य की तस्वीर

बेधड़क । जयपुर

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति, जेईसीआरसी विश्वविद्यालय और विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राज्य स्तरीय भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों का आयोजन हुआ जिनमें प्रतिभागियों को भाषाओं के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही इस अवसर पर लगी भारतीय भाषाओं की प्रदर्शनी में भी भाषाओं से जुड़े विभिन्न तथ्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन जेईसीआरसी अमित अग्रवाल ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो. विनोद शास्त्री थे। विशेष अतिथि के रूप में आर्यभट्ट ज्ञान विवि पटना से प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी शामिल हुए। समारोह में, जेईसीआरसी विश्वविद्यालय का परिचय दिया गया। भाषा के महत्व पर विचार किया गया, जिसमें राजस्थानी भाषा का भी विशेष उल्लेख किया गया। दीप प्रज्वलन विशेष अतिथि विनोद शास्त्री, अमित अग्रवाल, विक्टर गंभीर, डॉ. संजय शर्मा और मुख्य वक्ता प्रो. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने किया। जेईसीआरसी के प्रेसिडेंट विक्टर गंभीर ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया और मातृभाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार किया। उन्होंने बताया कि कैसे सभी पाठ्यक्रमों की पुस्तकें सभी भाषाओं में छपाई जानी चाहिए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि भारतीय भाषा समिति के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को भाषा का महत्व समझाया जाए। इस संदेश को साझा करने के लिए लोगों ने पोस्ट कार्डों का उपयोग किया।




### भाषाओं के उत्थान पर की चर्चा

डॉ. संजय शर्मा ने मातृभाषा के महत्व पर बात की। भारतीय शिक्षा मंत्रालय की भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री ने यूजीसी की नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी और भाषाओं के प्रोत्साहन के लिए बातचीत की। कार्यक्रम के परिचय सत्र में भारतीय भाषा पारिस्थितिकी निर्माण में पूर्व कुलपति राजस्थान विवि प्रो.राजीव जैन, अध्यक्ष विद्या भारती शिक्षा समिति प्रो. भरत राम, पूर्व कुलपति जेईसीआरसी प्रो. ध्रुव प्रसाद मिश्र, समाजशास्त्री प्रो. एस एल शर्मा आदि ने भारतीय भाषाओं के उत्थान और उनकी प्रगति के विषय पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में उपस्थित दिवाकर हरित, सौरभ डूडी, नमिता जैन पाण्डेय, और पंडित अमनदीप ने कार्यक्रम का संचालन किया।




### विशेष बच्चों के लिए कंप्यूटर लैब स्थापित

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित भवानी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एचजी फाउंडेशन की ओर से स्थापित कंप्यूटर लैब का सोमवार को शुभारम्भ किया गया। भवानी विद्यालय ट्रस्ट विशिष्ट क्षमता वाले मानसिक तथा शारीरिक दिव्यांग बच्चों के लिए चैरिटेबल संस्थान है।

विशिष्ट क्षमता के बच्चों को यहां नियमित शैक्षणिक रूप से सबल बनाया जाता है। एचजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि तरुण शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने बताया कि एचजी फाउंडेशन द्वारा लैब स्थापना का उद्देश्य विशिष्ट मानसिक तथा शारीरिक दिव्यांग बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

भवानी विद्यालय प्रबंधन ने एच जी फाउंडेशन के इस महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी सराहना की तथा उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में भवानी विद्यालय परिवार तथा एच जी इंफ्रा प्रबंधन समिति की ओर से विभिन्न लोग मौजूद थे।

# निशुल्क शिविर में 250 लाभान्वित



बेधड़क । जयपुर

लाल कोठी स्थित एसआरके मैक्स हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, यूरोलोजी, नेत्र, हृदय, कैंसर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण समेत विभिन्न विभागों की सेवाएं निशुल्क प्रदान की गई। चिकित्सकों ने संयमित दिनचर्या, नियमित व्यायाम एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से नियमित सलाह से स्वस्थ जीवन जीने की बात कही। हॉस्पिटल निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया हॉस्पिटल की ओर से नियमित रूप से सामाजिक सरोकारों के क्रम मे इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही समय समय पर बेसिक लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण, नर्सिंग सर्टिफिकेट कोर्स, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन पब्लिक वेलफेयर मे किया जाता रहता है।

### पं. देबाजीत चक्रवर्ती देंगे प्रस्तुति



बेधड़क । जयपुर

अपने सितार की मधुर झनकार से देश दुनिया में नाम कमाने वाले कोलकाता के पं. देबाजीत चक्रवर्ती और कहरवा फ्यूजन रचना के प्रणेता तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध 19 मार्च को राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में अपने फन का प्रदर्शन करेंगे। दोनों कलाकारों का ये कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ म्यूज़िक के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। 'सितार रिसाइटल' नामक ये कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की नॉर्थ जोनल इकाई की ओर से यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से परिषद की 'होरीजोन सीरीज़' के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसमें म्यूज़िक डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स के अलावा आम संगीत प्रेमी भी शिरकत कर सकते हैं, प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**विमर्श** | RU में मनाया जन्म शताब्दी समारोह

# पुस्तकालय विज्ञान के महानायक थे प्रो. पीएन कौला

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के मानवीकी पीठ सभागार में सोमवार को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में सदी के महानायक पद्मश्री से सम्मानित प्रो. पीएन कौला का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। प्रो. पीएन कौला का पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट अतुलनीय योगदान रहा है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस में प्रो. कौला के शिष्य रहे प्रो. एन लक्ष्मण राव, उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं डॉ. एस पी सूद, पूर्व विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, राजस्थान विश्वविद्यालय ने अपने गुरु की याद में उनकी जन्मशती कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर डॉ. एसपी सूद ने कहा कि प्रो. कौला जितने विद्वान थे उतने ही विनम्र भी थे। वे पुस्तकालय विज्ञान के विद्यार्थियों के साथ पुत्रवत् व्यवहार करते थे। गरीब छात्रों की मदद भी किया करते थे। वे घंटों बिना थके बिना रुके व्याख्यान देते थे। जब वे किसी मंच या सभा में बोलना प्रारंभ करते थे तो अपनी वाकपटुता से ऐसा वातावरण बना देते थे कि श्रोता मंत्रमुग्ध रह जाते थे। उनके विचार पुस्तकालय विज्ञान में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आदर के साथ स्वीकार किए जाते हैं। प्रो कौला ने राष्ट्रीय स्तर से उठकर विश्व के लगभग छत्तीस देशों में डॉ. रंगनाथन के विचारों के प्रचारक के रूप में सम्मान पाया। इस अवसर पर प्रो. लक्ष्मण राव ने कहा कि डॉ. रंगनाथन के असली उत्तराधिकारी प्रो. पी एन कौला ही थे। वे एक महान शिक्षक के साथ ही सच्चे पुस्तकालय विज्ञानी थे ।




### पुस्तकालयों में तकनीक का उपयोग जरूरी

डॉ. पीके गुप्ता का कहना था कि पुस्तकालयों में तकनीक का उपयोगी बेहद जरूरी है। पुस्तकालय के दैनिक कार्यों में भी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। तकनीक के उपयोग से मेन पावर की कमी को भी पूरा किया जा सकता है। समारोह के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति जयनारायण व्यास विवि प्रो. पीसी त्रिवेदी तथा मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रोशन लाल रैना ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता अग्रवाल ने की। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने प्रो. कौला स्मृति वॉल्यूम एवं ग्रंथालय विज्ञान जर्नल (जनवरी-जून 2024) का विमोचन भी किया गया। प्रो. सी आर करिसीदप्पा, प्रो. कौला के पुत्र डॉ. अनिल आदि ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के लगभग 150 प्रतिभागियों के रूप में अनेकों प्रबुद्धजन, शोधार्थी, विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें डॉ. पवन कुमार गुप्ता, प्रो. पूर्णिमा कौशिक, दलबीर सिंह, प्रो. एमआर रावतानी, डॉ. भगवान दास, अनिल कौला, डॉ. दौलत जोतवानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की आयोजक समिति के सदस्यों के रूप में डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. पीआर मीना, डॉ. महेंद्र सिंह राव, डॉ. मिली बाजपेयी आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपाली शर्मा ने किया।

# अधिसूचना जारी होने के साथ देश में आदर्श चुनाव संहिता लागू



**अशोक 'प्रवृद्ध'**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जैसा कि पूर्व से ही अंदेशा था कि पूर्व चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद रिक्त पड़े चुनाव आयुक्तों के पद पर दो नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के पश्चात 16 मार्च दिन शनिवार को देश में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाएगी, ठीक वैसा ही हुआ और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति के बाद 16 मार्च को तीन बजे भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा देश में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही चुनाव आयुक्त और लोकसभा चुनाव के समय के संबंध में छाई धुंध भी छंट गई है। 14 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली उच्च-स्तरीय समिति ने चुनाव आयुक्तों के खाली पड़े पदों के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुना। और इससे संबिधित गज़ेट नोटिफ़िकेशन जारी किया गया जिसमें कहा गया कि राष्ट्रपति चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति करते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय चुनाव आयोग में उनके कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उनकी नियुक्ति होगी।

इससे पहले चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर बनी तीन सदस्यों वाली समिति में विपक्ष के एकमात्र सदस्य कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया को इस बारे में जानकारी दी थी। अधिसूचना के साथ ही भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तारीखों की घोषणा भी 16 मार्च शनिवार को कर दी है। यह लोकसभा चुनाव सात चरणों में होगा। ये चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू हो रही है और मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के तहत 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। 26 अप्रैल को मतदान होगा। तीसरे चरण के तहत सात मई, चौथे चरण के तहत 13 मई और पांचवे चरण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होगी। सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में जारी अधिसूचना में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही चार राज्यों के विधानसभा चुनाव अर्थात असेंबली इलेक्शन शेड्यूल की भी घोषणा की गई है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा शामिल हैं। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को चुनाव होगा। इसके लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगा। सिक्किम 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। आंध्र प्रदेश में चुनाव 13 मई को होगा। उड़ीसा में पहले चरण का चुनाव 13 मई और दूसरे चरण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। तीन चरणों में 26 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होंगे। ये चुनाव भी आम चुनावों के साथ होंगे।

> *पिछली बार 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच पूरे देश में 7 चरणों में मतदान हुआ था, जबकि 23 मई 2019 को चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे। इस चुनाव में 303 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश में उभरी थी और पार्टी ने अकेले के दम पर बहुमत पार कर लिया था। फिर भी चुनाव पश्चात भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ ही रक्षत्रे जनतान्त्रिक गठबंधन की ही सरकार बनाई थी।*

उल्लेखनीय है कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होने वाला है। इस बीच नए निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी शुक्रवार को कमान संभालने के बाद अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ दो निर्वाचन आयुक्त भी होते हैं। भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार चुनौतियां बताईं हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तैयारियों का जिक्र करते हुए चुनाव में चार चुनौतियां बताईं। उन्होंने इन चार चुनौतियों को 4 मसल्स की संज्ञा देते हुए कहा कि ये 4 मसल्स हैं- मसल्स अर्थात बाहुबल, मनी अर्थात धन, मिसइन्फ़र्मेशन अर्थात गलत सूचनाएं और चौथा एमसीसी अर्थात आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन। उन्होंने कहा कि चुनाव में इन चार चुनौतियों अर्थात 4 मसल्स से निपटना होगा। इसके लिए पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ तैनात होंगे। इस बार मसल पावर को कम करने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। खून खराबा और हिंसा को नियंत्रित किया जाएगा। चाहे वह चुनाव से पहले, उसके दौरान या बाद में हो। हर जिले में नियंत्रण कक्ष अर्थात कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। एक वरीय आदिकारी अर्थात एक सीनियर अफसर मौजूद रहेगा। जहां से भी शिकायत मिलेगी, पूरे देश में उसका निराकरण होगा। जिला जजों को हिदायत दी गई है, जितने तीन साल से पुराने लोग हैं, उन्हें बदल दीजिए। ठेका कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया में नहीं लगाए जाएगा। डबल वोटिंग की शिकायत आए तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। मनी अर्थात धन के संबंध में देखा जाए तो पिछले दो साल के चुनावों में 3400 करोड़ रुपए रोके गए। पैसे का गलत इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। प्रत्येक राज्य में एनफोर्समेंट एजेंसियों से चौकन्ना रहने को कहा गया है। मुफ्त वितरण, पैसे बांटना आदि पर लगाम लगाई जाएगी। ड्रग्स को रोकने की कोशिश होगी। हवाई पट्टियों और हैलीपैड की निगरानी होगी। उतरने वाले सामानों की विस्तृत जांच होगी। मिसइन्फ़र्मेशन अर्थात लोकतंत्र में सोशल मीडिया में किसी की आलोचना के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन यह तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। गलत सूचनाएं देकर अफवाह फैलाने को रोका जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने के लिए प्रशासन आदेश दे सकता है। हर राज्य में नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। अगर कोई आलोचना की रेखा लांघता है या गलत न्यूज़ फैलाता है तो उस पर कार्रवाई होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकसभा चुनाव-2024

# महिला मतदाताओं की अहम् भूमिका!



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं ने मोदी के विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया।*



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का विगुल बज गया है। मुख्य चुनव आयुक्त राजीव कुमार ने 18 वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान का कार्यक्रम जारी कर दिया हैं वहीं 4 जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि 4 जून को दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है।

अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आमचुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव केंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी ओर मतदान में आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेस यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा।

यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त मेजोरिटी प्राप्त हुई।

विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम न केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास होंगे, क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसको दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम विगत चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। खास तौर से आने वाले दिनों में चुनाव कैंपेन महिला केंद्रित हो तो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रुप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाड़ली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा।

खैर, यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। पर अब यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनावों के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी और महिलाओं को मतदान के लिए अपने पक्ष में करने के हर संभव प्रयास होंगे। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की ओर ही रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सदाबहार फसल चुनाव...



**सुरेश रायकवार**
व्यंग्यकार

वृक्ष दो प्रकार के होते हैं प्रथम जो पतझड़ वाले होते हैं अर्थात जिनकी पत्तियाँ शरदऋतु आने पर झड़ जाती है और बसंतऋतु में फिर नई पत्तियाँ आती हैं। दूसरे प्रकार के वृक्ष चिरहरित, बारहमासी, सदा हरे-भरे रहने वाले या सदाबहार वृक्ष होते है जिनकी पत्तियाँ झड़ती रहती है और साथ ही नई भी आती रहती है।

अपने देश में सदाबहार शब्द का उपयोग समान्यतः फिल्मी हीरो और फिल्मी गानों के लिए ही अधिक होता है। किन्तु अब देश के चुनाव को भी सदाबहार की श्रेणी में रखा जाना चाहिए क्योंकि वर्ष के बारहों महीने तीन सौ पैंसठ दिन हमारे यहाँ कोई ना कोई चुनाव चलता ही रहता है।

लोकसभा चुनाव के बाद राज्यों के विधान सभा चुनाव फिर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत एवं पंचायतों, जिला पंचायतों के चुनाव। कभी पंचायत समितियों के चुनाव, कभी सहकारी बैंकों के चुनाव। कहीं विद्यालयों में तो कहीं महाविद्यालय और विश्व विद्यालयों में चुनाव। कभी मजदूर यूनियन और मंडलों के चुनाव तो कभी सामाजिक संस्थाओं के चुनाव याने कि देश में चुनाव का मौसम कभी समाप्त ही नहीं होता है।

देश में कुछ राजनैतिक पार्टियां और कुछ राजनैतिक परिवार ऐसे भी हैं जो वटवृक्ष की तरह सदाबहार वृक्षों की श्रेणी में आते है। चुनाव का स्थान, मौसम कोई भी हो उनका झण्डा-डंडा हर जगह दिखाई देगा। किन्तु यह भी एक संयोग ही है कि पतझड़ के इस वर्तमान ऋतुकाल में जैसे पेड़ों से पत्तियां झड़ रही हैं, वैसे ही कुछ राजनैतिक पार्टियों में भी पतझड़ का मौसम आया हुआ है। राजनैतिक पार्टियों की कुछ प्रजातियां क्षेत्रीय वनस्पति की तरह होती है जो किसी क्षेत्र विशेष में ही पनपती है।

जैसे एक किसान फसल लगाने से पहले खेत में हल-बक्खर चलाकर जोतता है व निंदई-गुढ़इ करके अपने खेत को फसल बोवनी के लिए तैयार करता है ठीक वैसे ही हमारे देश का चुनाव आयोग नेतागण अपने अपने हिसाब से चुनाव करवाने की जमीन तैयार करते है। चुनाव आयोग जहां पोलिंग बूथ निर्धारण, पुलिस और सुरक्षा बलों की व्यवस्था, ईवीएम मशीनों की व्यवस्था आदि करता है। इन व्यवस्थाओं के बाद ही चुनाव अधिसूचना जारी की जाती है अर्थात चुनाव की बोवनी होती है। इसी प्रकार नेतागण भी अपनी जमीन तैयार करने के अंतर्गत पार्टी और बीज रूपी वादों का चयन एवं खाद के रूप में नारों आदि की तैयारी करते हैं।

वैसे लागत के मान से चुनावों की ये फसलें बहुत मंहगी हैं। देश के लिए वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार 6500 करोड़ रुपय तो केवल आम चुनाव पर खर्च हुए थे। यदि चुनाव की इन फसलों पर किए जाने वाले सरकारी खर्च और पक्ष-विपक्ष के उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्च को जोड़ लिया जाए तो बांग्लादेश, श्रीलंका या नेपाल और म्यांमार जैसे देश का कुल बजट खर्च भी उससे कम ही रहेगा। जितनी बड़ी राशि चुनावों पर खर्च की जाती है उसे यदि देश की शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान पर खर्च किया जाए तो देश के विकास की गति चीते को भी पीछे छोड़ दे।

जैसे एक समझदार कृषक अपने खेतों में फसल को खर-पतवार और कीटों से सुरक्षित रखता है ताकि फसल उत्पादन प्रभावित ना हो, वैसे ही मतदाता-रूपी किसान को भी सावधान रहना होगा और चुनावों की फसल में भ्रष्टाचारियों, बाहुबलियों या अवसरवादियों रूपी खर-पतवार और कीटों का समय रहते इलाज करना होगा अन्यथा बाद में पछताने से कुछ नहीं मिलेगा।

## नॉलेज कॉर्नर: कुमाऊं रेजिमेंट की आराध्य हैं देवी मां हाट कालिका

# सैनिक की आवाज पर डूबते जहाज को लगाया पार!

उत्तराखंड को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता, इसके कई कारण हैं। उत्तराखंड में एक ऐसा ही स्थान पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में स्थित है। यहां कालिका मां विराजती हैं, जिन्हें हाट कालिका के नाम से जाना जाता है। यहां विराजमान काली मां भारतीय सेना में सबसे पराक्रमी कुमाऊं रेजीमेंट की आराध्य देवी हैं। देवी मां के कुमाऊं रेजिमेंट की आराध्य देवी बनने की कहानी बेहद ही दिलचस्प है। असल में युद्ध के दौरान कुमाऊं रेजीमेंट की एक टुकड़ी पानी के जहाज से कहीं कूच कर रही थी। इस दौरान जहाज में तकनीकी खराबी आ गई और जहाज डूबने लगा। ऐसे में मृत्यु नजदीक देख टुकड़ी में शामिल जवान अपने परिजनों को याद करने लगे तो टुकड़ी में शामिल सेना के एक जवान ने मदद के लिए हाट कालिका मां का आह्वान किया। जिसके बाद देखते-देखते डूबता जहाज पार लग गया और यहीं से हाट कालिका कुमाऊं रेजिमेंट की आराध्य देवी बन गई। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं मां हाट कालिका के बारे में...

### पुराणों में भी है काली मंदिर का जिक्र

हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट नामक जगह पर स्थित है। इसमें के चारों तरफ देवदार के वृक्ष हैं, जो इस जगह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। मां काली का यह प्रसिद्ध मंदिर है। मां काली की उत्पत्ति राक्षस और दैत्यों का नाश करने के लिए हुई थी। आज भी देवी की शक्ति के स्वरूप में इनकी पूजा होती है। वहीं मंदिर के बारे में कई कथाएं प्रचलित हैं। स्कंद पुराण के मानस खंड में बताया गया है कि सुम्या नाम के दैत्य का इस पूरे क्षेत्र में प्रकोप था। उसने देवताओं को भी परास्त कर दिया था। फिर देवताओं ने शैल पर्वत पर आकर इस दैत्य से मुक्ति पाने हेतु देवी की स्तुति की। देवताओं की भक्ति से प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने महाकाली का रूप धारण किया और फिर सुम्या दैत्य के आतंक से मुक्ति दिलाई। जिसके बाद से ही इस स्थान पर महाकाली की शक्तिपीठ के रूप में पूजा होने लगी। वहीं कुछ जगह पर उल्लेख है कि महाकाली ने महिषासुर रक्तबीज जैसे राक्षसों का भी वध भी इसी स्थान पर किया था।




### शंकराचार्य ने दोबारा किया था स्थापित

कहा जाता है कि यहां पर मां कालिका पहले से विराजती थी, लेकिन दैवीय प्रकोप की वजह से यह जगह निर्जन थी। आदि गुरु शंकराचार्य जब इस क्षेत्र के भ्रमण पर आए तो उन्हें देवी के प्रकोप के बारे में बताया गया। इस प्रसंग के अनुसार उस दौरान देवी मां रात को महादेव का नाम पुकारती थीं और जो भी व्यक्ति उस आवाज को सुनता था, उसकी मृत्यु हो जाती थी। ऐसे में आस-पास से लोग गुजरने से भी कतराते थे, फिर आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने तंत्र मंत्र जाप से देवी को खुश किया और फिर इस मंदिर की दोबारा स्थापना की गई।

**प्रचलित मान्यता**

*यहां पर एक प्रथा सदियों से प्रचलित है। मंदिर के पुजारी शाम के समय एक बिस्तर लगाते हैं। जब सुबह मंदिर के कपाट खोले जाते हैं तो बिस्तर पर सिलवटें पड़ी रहती हैं। स्थानीय लोगों का ऐसा मानना है कि स्वयं महाकाली रात्रि में इस स्थान पर विश्राम करती हैं। श्रद्धालु चुनरी बांधकर सच्चे मन से मनौती मांगते हैं तो वह जरूर पूरी होती है।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
कांग्रेस का लक्ष्य है - नारी शक्ति का अपमान करना, मोदी जी का लक्ष्य है - नारी शक्ति को आगे बढ़ाना।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
प्रदेश के चंदवाजी में हुए भीषण सड़क हादसे में शाहपुरा व नीमकाथाना क्षेत्र के 4 लोगों की दर्दनाक मौत व 3 लोगों के घायल होने की खबर मिलने से मन व्यथित है। प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत आत्माओं की शांति, शोकाकुल परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति व घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं।

## कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर

# जांच के बाद हुई है एफआईआर, फिर भी क्यों हो रहा है पेट में दर्द!

**एजेंसी** | रायपुर

लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप का जिन्न बाहर आ गया है। आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की FIR में पूर्व CM भूपेश बघेल का नाम आने के बाद भाजपा उन पर हमलावर हो गई है।

सोमवार को भाजपा के बड़े नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भूपेश बघेल पर निशाना साधा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, भूपेश बघेल के कार्यकाल में जांच शुरू हुई। इसके बाद ही एफआईआर हुई है, उसके बाद भी पेट में दर्द हो रहा है। वहीं कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये महादेव जी का प्रकोप है। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि, गूगल में 508 करोड़ टाइप करो तो भूपेश का नाम आता है।

मंत्री केदार कश्यप ने राहुल गांधी के बयान पर कहा कि, शक्ति से लड़ रहे हैं, मतलब हमारे पीएम मोदी से, जो दुनिया के सबसे ताकतवर नेता हैं। उनके सामने राहुल गांधी की बिसात ही क्या है? जिस तरीके से उनके पूरे परिवार ने, पूरे देश की राजनीति में अपना दबदबा कायम रखा उसके बावजूद भी उन्हें अपनी सीट बचाने के लिए दूसरे राज्य में जाना पड़ रहा है। जनता इसका हिसाब लेगी। महादेव सट्टा ऐप केस में EOW की FIR में नाम आने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व CM भूपेश बघेल ने इसे भाजपा और केंद्र सरकार की गीदड़ भभकी बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ऐप मालिकों से पैसे लिए हैं। यही वजह है कि उन लोगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही।



### दोषी पर कार्रवाई हो

बिलासपुर में जिला भाजपा कार्यालय में डिप्टी CM अरुण साव ने कहा कि, भूपेश बघेल को आरोप लगाने के बजाए न्यायालयीन प्रक्रिया अपनानी चाहिए। वे अनाप-शनाप आरोप नहीं लगाए। उन्होंने कहा कि, FIR का लोकसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि, हम भी चाहते है महादेव ऐप मामले में जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। भूपेश बघेल का आरोप बेबुनियाद है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटें मिल रही हैं।

### कांग्रेस राज में पांच साल दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई

साव ने कहा कि, कांग्रेस का इतिहास रहा है राजनैतिक दुर्भावना से काम करने का, लेकिन भाजपा और विष्णु देव साय सरकार मोदी की हर गारंटी को पूरा करने में लगी हुई है। राजनैतिक विद्वेष से काम करने की हमारी मंशा कभी नहीं रही। भूपेश सरकार में जनता ने 5 साल देखा है और भोगा है और महसूस किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किस तरह से पांच साल दुर्भावना पूर्वक कार्रवाई की गई, यह प्रदेश की जनता ने देखा है। जिस तरह से SIT गठित कर केस दर्ज किए गए और न्यायालयीन प्रक्रिया में FIR का जो बुरा हाल हुआ है, उससे कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है।

### मैं महल से बाहर आकर लोगों को सुनूंगा



**नई दिल्ली।** पूर्व मैसूरु शाही परिवार के वंशज और मैसूर-कोडगु संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार यदुवीर वाडियार ने कहा कि लोगों को अपनी शिकायतें लेकर महल में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वह बाहर निकलेंगे और एक आम पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। यदुवीर वाडियार ने कहा कि ''मेरे पिता चार बार सांसद रहे। हमारे सभी दलों से अच्छे संबंध हैं। मेरे विचार भाजपा की विचारधारा से मेल खाते हैं। महल से लोगों का भावनात्मक लगाव है। संविधान के तहत सभी बराबर हैं। मैं एक सांसद के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाऊंगा। तकनीक के माध्यम से संचार किया जा सकता है। आपको महल में आने की जरूरत नहीं है, मैं महल से बाहर आऊंगा।

### हरियाणा की 6 सीटों पर उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली / चंडीगढ़।** दिल्ली में बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक हुई। जिसमें हरियाणा समेत कई राज्यों के प्रत्याशियों पर बीजेपी ने मंथन किया। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट में 72 नामों का ऐलान किया। इस तरह अब तक बीजेपी ने कुल 267 सीटों पर नामों का ऐलान कर दिया है। हरियाणा की 6 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर पार्टी मुहर लगा चुकी है। करनाल से मनोहर लाल खट्टर, जबकि गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह चुनाव लड़ेंगे. वहीं फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट दिया गया है। साथ ही अंबाला से रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया, सिरसा से अशोक तंवर को टिकट दिया गया है। भिवानी-महेंद्रगढ़ से चौधरी धर्मबीर सिंह को बीजेपी ने टिकट दिया है। हिसार, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, रोहतक के उम्मीदवार अभी तक घोषित नहीं किए हैं।

## पीएम मोदी का दक्षिणी भारत दौरा, महिला वोटर को शक्ति बताया

# उनका शक्ति विनाश का, मेरा शक्ति उपासना का ऐलान: मोदी

**एजेंसी** | एजें, हैदराबाद/चेन्नई

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी दौरे शुरू कर दिए हैं। सोमवार को तीन राज्यों तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु का दौरा किया। तेलंगाना के जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने 17 मार्च की INDI अलायंस की रैली का जवाब दिया। मोदी ने कहा- मुंबई में INDI अलायंस की रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है।

मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। पीएम ने कर्नाटक के शिवमोगा में भी कहा कि INDI अलायंस के लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है,



उस शक्ति के विनाश का ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है, तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

मोदी ने आगे कहा कि कई राजनीतिक जानकार कहते रहे हैं कि नारी शक्ति मोदी की साइलेंट वोटर है। लेकिन मेरे देश की नारी शक्ति वोटर नहीं, बल्कि मां शक्ति स्वरूपा है।

### पीएम ने यूं साधा INDI गठबंधन पर निशाना राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर

पीएम ने कहा कि रविवार को मुंबई में इंडी अलायंस की रैली थी। चुनाव घोषित होने के बाद इंडी अलायंस की ये पहली और उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। उस रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया और उनके घोषणा पत्र का ऐलान है कि मेरी (इंडी अलायंस) लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। हम सब शक्ति की आराधना करते हैं। हमने चंद्रयान की सफलता को भी शिव शक्ति नाम देकर शक्ति को समर्पित किया है। एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं। दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है।

### साउथ में भाजपा की क्या है स्थिति?




केरल में पिछले 3 लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां एनडीए को एक भी सीट नहीं मिली। हालांकि, उनका वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। तमिलनाडु में सहयोगी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (AIADMK) के अलग होने के बाद भाजपा यहां अलग-थलग पड़ गई है। तेलंगाना में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 4 सीटें जीती थीं, लेकिन विधानसभा चुनाव हारने के बाद यहां कांग्रेस मजबूत नजर आ रही है।

### 2024 लोकसभा चुनाव पर

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 13 मई को तेलंगाना में होने वाला मतदान विकसित भारत के लिए होगा। जब भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा। यहां तेलंगाना में भाजपा के लिए लगातार समर्थन बढ़ता जा रहा है। मैं पिछले 3 दिनों में दूसरी बार तेलंगाना आया हूं। विकास आज तेलंगाना के हर इलाके में पहुंच रहा है।

### कोयंबटूर में 4 किमी लंबा रोड शो किया

पीएम मोदी ने सोमवार शाम को तमिलनाडु के कोयंबटूर में रोड शो किया। इसके लिए भाजपा को पहले अनुमति नहीं मिल रही थी। 14 मार्च को कोयंबटूर के भाजपा जिला अध्यक्ष जे रमेश कुमार ने पुलिस से रोड शो के लिए अनुमति मांगी थी। 15 मार्च की सुबह कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए पुलिस ने रोड शो की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद रमेश ने मद्रास HC का रुख किया था। कोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को कुछ शर्तों के साथ PM मोदी के रोड शो को मंजूरी देने का निर्देश दिया।

### कांग्रेस और BRS के परिवारवाद-भ्रष्टाचार पर

मोदी ने कहा कि एक ओर वो कांग्रेस पार्टी है, जिसने तेलंगाना के सपनों को कुचला। दूसरी ओर बीआीरएस है, जिसने यहां के लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल किया, सत्ता पाई और बाद में जनता से ही विश्वासघात किया। तेलंगाना निर्माण के पहले 10 वर्षों तक बीआरएस ने तेलंगाना को जमकर लूटा। अब कांग्रेस ने तेलंगाना को एटीएम स्टेट बना लिया है। परिवारवादियों का पूरा इतिहास उठाकर देख लीजिए। देश में जितने भी बड़े घोटाले हुए हैं, उनके पीछे कोई न कोई परिवारवादी पार्टी ही मिलेगी। बीआरएस और कांग्रेस एक दूसरे के लिए चाहे कितनी भी कवर फायर कर लें, इनकी एक एक लूट का हिसाब होता रहेगा। मोदी, तेलंगाना के लोगों को लूटने वालों को छोड़ेगा नहीं। ये मोदी की गारंटी है।

### इधर, राहुल गांधी ने दी सफाई



राहुल एक्स पर लिखा कि मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज, भारत की आवाज़ को, भारत की संस्थाओं को, CBI, IT, ED को, चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढाँचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है। उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी जी भारत के बैंकों से हज़ारों करोड़ के क़र्ज़ माफ़ कराते हैं जबकि भारत का किसान कुछ हज़ार रुपयों का क़र्ज़ न चुका पाने पर आत्महत्या करता है। उसी शक्ति को दिन रात सलामी ठोकते हुए देश की मीडिया सच्चाई को दबा देती है। उसी शक्ति के ग़ुलाम नरेंद्र मोदी जी देश के गरीब पर GST थोपते हैं, उस शक्ति को बढ़ाने के लिए देश की संपत्ति को नीलाम करते हैं। उस शक्ति को मैं पहचानता हूँ, उस शक्ति को नरेंद्र मोदी भी पहचानते हैं,वह किसी प्रकार की धार्मिक शक्ति नहीं है, वह अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है। जब जब मैं आवाज उठाता हूँ, मोदी जी और उनकी झूठों की मशीन बौखलाती है, भड़क जाती है।

## एनडीए ने घोषित किया फॉर्मूला

# बिहार में बंटवारा: 17 सीटों पर BJP तो 16 पर लड़ेगी JDU

**एजेंसी** | पटना

लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए सीट बंटवारा हो गयाहै। इसमें बीजेपी 17 सीट लड़ेगी। जबकि नीतीश कुमार की जेडीयू 16 सीट लड़ेगी। बाकी सीटों में चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास को 5 सीटें, जीतनराम मांझी की हम को 1 सीट और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो को 1 सीट मिली है। खास बात ये है कि पशुपति पारस की पार्टी के कब्जे वाली नवादा सीट इस बार खुद बीजेपी लड़ेगी।

दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सीट बंटवारे का ऐलान किया। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जेडीयू नेता संजय झा समेत अन्य दलों के नेता भी मौजूद थे। तावड़े ने पांच दलों के बीच बंटी 40 सीटों की सूची भी जारी की जिससे साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की रालोजपा का पत्ता कट गया है। पुरानी लोजपा के कब्जे वाली नवादा सीट इस बार बीजेपी लड़ेगी जहां से पारस कैंप के चंदन सिंह सांसद हैं। चंदन लोजपा के कद्दावर नेता सूरजभान सिंह के भाई हैं। बिहार में बीजेपी 17 लोकसभा सीट लड़ेगी। इनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम शामिल है।

वहीं नीतीश कुमार की जेडीयू की 16 लोकसभा सीटों में वाल्मीकि नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सिवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर है। जबकि चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास ये 5 लोकसभा सीटों में हाजीपुर, वैशाली, खगड़िया, समस्तीपुर और जमुई तथा जीतनराम मांझी की हम ये 1 लोकसभा सीट गया है। उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो ये 1 लोकसभा सीट काराकाट लड़ेगी। बिहार एनडीए में सीट बंटवारा के बाद सबकी नजर हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस की पार्टी पर होगी।जिसके पास पारस समेत पांच सांसद हैं।

# दिल्ली में आज तय होंगे एमपी की 18 सीटों के चेहरे

**एजेंसी** | भोपाल

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मंगलवर को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति बैठक होगी। इस बैठक में एमपी की बाकी बची 18 सीटों पर चेहरें सामने आएंगें।

कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली बैठक में एमपी कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल, सीईसी मेंबर ओमकार सिंह मरकाम शामिल होंगे। बीजेपी के राम मंदिर कार्ड के सामने कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए विधायकों को चुनाव में उतार सकती है। मुरैना लोकसभा से जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, दमोह सीट से बड़ा मलहरा विधायक रामसिया भारती, विदिशा से सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, जबलपुर से लखन घनघोरिया, शहडोल से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को जबकि मंदसौर में विधायक विपिन जैन को उतारा जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान एमपी के सीनियर लीडर्स को चुनाव लड़ाने को कह रहा है।

हालांकि, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सज्जन सिंह वर्मा सहित तमाम नेता चुनाव लड़ने के लिए राजी नहीं हैं। ऐसे में अब कांग्रेस युवाओं पर दांव लगा सकती है। बीजेपी ने एमपी की 29 में से 6 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिए हैं। पहली सूची में चार और दूसरी लिस्ट में दो महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है।

## सभी दलों की सोशल मीडिया टीम सक्रिय

# सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के सहारे चुनावी वैतरणी पार करेंगे नेता

**एजेंसी** | पटना

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी दल चुनाव प्रचार की रणनीति में जुट गए हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से परंपरागत प्रचार के साथ-साथ सोशल मीडिया पर प्रचार का माध्यम बहुत जरूरी हो गया है। इसी का नतीजा है कि सभी दल इस माध्यम को अपना रहे हैं।

राजनीतिक दल वोटर्स के मनोविज्ञान पर असर डालने के लिए व्हाट्सएप और सोशल मीडिया 'इन्फ्लूएंसर्स' का सहारा ले रहे हैं। हिंदी भाषा राज्य बिहार में भी इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। बिहार में लोकसभा



की 40 सीटों के लिए सभी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए रणनीति भी बनाई जाने लगी है भाजपा जदयू और आरजेडी में बड़ी टीम इसके लिए काम कर रही है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी बिहार ही नहीं देश और दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता हैं। तेजस्वी



यादव सोशल मीडिया के मामले में बिहार में सबसे आगे चल रहे हैं। नीतीश कुमार भी सोशल मीडिया को प्रचार में बड़ा माध्यम बनाने वाले हैं। बिहार में नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव सोशल मीडिया के माध्यम से ही टक्कर देंगे।

### यह है बिहार में बीजेपी की सोशल मीडिया टीम

बिहार बीजेपी कार्यालय पटना में ढाई दर्जन से अधिक लोग सोशल मीडिया पर पार्टी को एक्टिव करने में लगे हैं। ऐसे तो 12000 से अधिक लोग सोशल मीडिया को देख रहे हैं। 1 लाख से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। आईटी का काम विकास मेहता तो सोशल मीडिया का अनमोल शोभित देख रहे हैं। व्हाट्सएप में कम्युनिटी ग्रुप भी बनाए गए हैं। हर कम्युनिटी ग्रुप में दो हजार लोगों को जोड़ा जा रहा है क्षेत्र जोनल्स और बूथ स्तर पर टीम बनाई गई है। 45 संगठन वाले जिले में 21-21 लोगों की टीम बनाई गई है 1000 से अधिक मंडल में हर एक मंडल स्तर पर 11 सदस्य टीम का गठन किया गया है।

### आरजेडी ऐसे संभाल रही यह काम

बिहार में लोकप्रियता के मामले में सोशल अकाउंट्स पर तेजस्वी यादव का कोई मुकाबला नहीं है। तेजस्वी यादव सभी सोशल साइट्स पर सबसे ज्यादा एक्टिव हैं। उनकी टीम ज्यादा सक्रिय दिख रही है। मुख्य विपक्षी दल होने के कारण राजद कार्यालय में तो वार रूम बन गया है, लेकिन तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पांच देशरत्न मार्ग पर सबसे बड़ी टीम काम कर रही है। तेजस्वी यादव के नजदीकी अभी हाल ही में राज्यसभा के सांसद बने संजय यादव की निगरानी में पूरी टीम काम कर रही है। तेजस्वी यादव ही नहीं बल्कि लालू प्रसाद, यादव राबड़ी देवी के पोस्ट भी यहीं से डाले जाते हैं।

### नीतीश ने भी संभाली सोशल मीडिया की कमान

बिहार की सत्ताधारी दल जदयू भी सोशल साइट्स पर प्रचार करने में पीछे नहीं है। नीतीश कुमार के भांजा मनीष सोशल मीडिया के प्रभारी हैं। मनीष के अनुसार 50 से अधिक लोग जदयू के सोशल मीडिया पर काम कर रहे हैं। सभी जिलों में प्रखंड स्तर तक टीम बनाई गई है। व्हाट्सएप ग्रुप कम्युनिटी ग्रुप बनाकर सरकार के कामकाज का प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### यह है बिहार में बीजेपी की सोशल मीडिया टीम

बिहार बीजेपी कार्यालय पटना में ढाई दर्जन से अधिक लोग सोशल मीडिया पर पार्टी को एक्टिव करने में लगे हैं। ऐसे तो 12000 से अधिक लोग सोशल मीडिया को देख रहे हैं। 1 लाख से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। आईटी का काम विकास मेहता तो सोशल मीडिया का अनमोल शोभित देख रहे हैं। हर कम्युनिटी ग्रुप में दो हजार लोगों को जोड़ा जा रहा है क्षेत्र जोनल्स और बूथ स्तर पर टीम बनाई गई है। 45 संगठन वाले जिले में 21-21 लोगों की टीम बनाई गई है 1000 से अधिक मंडल में हर एक मंडल स्तर पर 11 सदस्य टीम का गठन किया गया है। जदयू के फेसबुक अकाउंट में 6.7 लाख फॉलोअर्स हैं तो वहीं X अकाउंट में 2.6 लाख फॉलोअर्स हैं। नीतीश कुमार के फेसबुक अकाउंट में 20.9 लाख फॉलोअर्स हैं।

## जरूरी खबर

### द्विवेदी बसपा से अकबरपुर से प्रत्याशी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बसपा एक-एक करके अपने प्रत्याशियों के नाम का एलान कर रही है। इसी क्रम में बसपा ने अकबरपुर लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। इसकी घोषणा कानपुर में बसपा के कानपुर मंडल के प्रभारी नौशाद अली ने की है। बसपा बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने के लिए बसपा अकेले ही चुनाव रही है। बसपा ने अकबरपुर लोकसभा सीट पर ब्राह्मण कैंडिडेट राजेश द्विवेदी को टिकट देकर इस सीट पर ताल ठोक दी है। राजेश द्विवेदी मुख्य रूप से कानपुर के रहने वाले हैं और बसपा में लंबे समय से जुड़े हैं। परिसीमन के बाद वजूद में आई अकबरपुर लोकसभा सीट पर 2004 में जब ये बिल्हौर लोकसभा के नाम से जानी जाती थी।

### गैंगरेप पीड़िता ने किया आत्मदाह का प्रयास

**अमेठी।** शहर में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा न दर्ज होने से नाराज एक महिला ने डीएम ऑफिस के बाहर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद एलआईयू के एक कर्मचारी और अन्य लोगों ने महिला के हाथ से माचिस छीनकर फेंकते हुए पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र पांडेयगंज चौराहे का है, जहां की रहने वाली एक महिला सोमवार की सुबह अमेठी कलेक्ट्रेट पहुंची थी।

### 4 महीने के पोते को दिए 340 करोड़ के शेयर



**नई दिल्ली।** इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने अपने 4 महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को लगभग 340 करोड़ रुपये के शेयर उपहार में दिए हैं। इस हिसाब से नारायण मूर्ति का पोता देश में सबसे कम उम्र का करोड़पति बन गया है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, एकाग्र रोहन मूर्ति के पास भारत की दूसरी सबसे बड़ी IT कंपनी में 15,00,000 शेयर या 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी है। दूसरी तरफ नारायण मूर्ति के पास अब कंपनी के 0.36 प्रतिशत शेयर बचे हैं। नारायण मूर्ति पिछले साल नवंबर में दादा बने थे। उनके बेटे रोहन मूर्ति और पत्नी अपर्णा कृष्णन को एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी।

## 125वां प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम



*नई दिल्ली। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ( एलबी एसएनएए ) मसूरी के 125वें प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आए राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान मुर्मू ने उनसे कई विषयों पर चर्चा की।*

### 7 लाख के इनामी नक्सली दंपती ने किया सरेंडर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते लगातार नक्सली संगठन कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। जवानों द्वारा मुठभेड़ में कई नक्सलियों को मार गिराने के साथ ही कुछ नक्सली बढ़ते दबाव के चलते अपना संगठन छोड़ मुख्य धारा में लौट रहे हैं। सुकमा जिले में भी सोमवार को 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपती ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में किस्टाराम एरिया कमेटी के कृषि शाखा अध्यक्ष एससीएम सदस्य सोढ़ी सुक्का और उसकी पत्नी सोढ़ी सुक्की शामिल हैं। पुरुष नक्सली पर 5 लाख रुपये का इनाम और महिला नक्सली पर 2 लाख रुपये का इनाम सुकमा पुलिस ने घोषित कर रखा था।

केजरीवाल व मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर किया घोटाला

# कविता शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग की मास्टर माइंड: ईडी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कई बड़े दावे किए। ईडी के मुताबिक, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग की मास्टरमाइंड हैं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता और एमएलसी कविता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया समेत शीर्ष नेताओं के साथ षड्यंत्र रचा और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए दिए थे। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, शराब नीति घोटाले को लेकर 2022 में केस दर्ज होने के बाद



से देशभर में अब तक 245 ठिकानों पर छापेमारी की है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसौदिया, आप नेता संजय सिंह और कुछ शराब कारोबारियों समेत 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 6 चार्जशीट दाखिल की गई हैं और 128 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की गई है।

### 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में रहेंगी कविता

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी को ईडी ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह 23 मार्च तक जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। कविता दावा कर चुकी हैं कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का "इस्तेमाल" कर रही है, दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए ईडी और सीबीआई को अपने "गुंडों" की तरह यूज कर रही है।

### जांच एजेंसी ने यह बताया

निदेशालय ने बताया कि बीआरएस नेता कविता ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर दिल्ली एक्साइज पॉलिसी तैयार करने और कार्यान्वयन में लाभ के लिए अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आप के बड़े नेताओं के साथ साजिश को अंजाम दिया। एजेंसी ने कहा है कि इसके बदले में कविता की ओर से आप नेताओं को 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। एक्साइज पॉलिसी में भ्रष्टाचार और साजिश के माध्यम से सत्तारुढ़ दल के लिए होल सेलर्स से रिश्वत के तौर पर धन वसूली के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### कोर्ट में रिमांड बढ़ाने की मांग

प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि बीआरएस नेता कविता और उनके करीबियों को आप को अग्रिम भुगतान के तौर पर दी गई आपराधिक आय की वसूली करनी थी और इस साजिश से आय को बढ़ाना था। ईडी ने सोमवार को स्पेशल मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम पीएमएलए कोर्ट में उनकी रिमांड की मांग की और बताया कि कविता दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले की मास्टरमाइंड और अनुचित फायदा लेने वाले में से एक हैं।

सुप्रीम कोर्ट बार एसो. प्रेसिडेंट एडवोकेट अधीश अग्रवाल की अपील खारिज

# इलेक्टोरल बॉन्ड का पत्र, मात्र पब्लिसिटी: CJI

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड के फैसले का रिव्यू करने के लिए स्वतः संज्ञान लेने की मांग को सिरे से नकार दिया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन प्रेसिडेंट एडवोकेट अधीश अग्रवाल ने एक पत्र लिखा था। सोमवार को चुनावी बॉन्ड को लेकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने प्रेसिडेंट की मांग पर सख्त लहजे में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आपने रिव्यू के लिए मुझे एक पत्र लिखा है, जो कि साफ तौर पर पब्लिसिटी के लिए है।

### आप सीनियर वकील हैं फिर भी

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) प्रेसिडेंट एडवोकेट अधीश अग्रवाल की अपील खारिज हो गई। सीनियर एडवोकेट अधीश अग्रवाल ने स्वत: संज्ञान लेते हुए समीक्षा के लिए याचिका का उल्लेख किया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा- मिस्टर अग्रवाल एक सीनियर एडवोकेट होने के साथ आप एससीबीए के प्रेसिडेंट भी हैं। आप प्रोसेस को अच्छी तरह समझते हैं। आपने मुझे एक पत्र लिखा। ये सिर्फ पब्लिसिटी के लिए है, चलो इसे यहीं छोड़िए। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहता हूं। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अग्रवाल की मांग से खुद को अलग करते हुए कहा कि हम इसका समर्थन नहीं करते हैं।

### बार एसोसिएशन ने अध्यक्ष की मांग की निंदा की

इससे पहले अधीश अग्रवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर संज्ञान लेने और केस में दोबारा सुनवाई होने तक फैसले को लागू नहीं करने का आग्रह किया था। उनकी इस मांग पर विवाद खड़ा हो गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने खुद को अध्यक्ष के विचारों से अलग कर लिया और कहा था कि पैनल के सदस्यों ने अग्रवाल को राष्ट्रपति को पत्र लिखने के लिए अथॉरिटी नहीं दी है। सचिव रोहित पांडे ने कहा कि कार्यकारी समिति रिव्यू की मांग को सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारों को खत्म और कमजोर करने की कोशिश के रूप में देखती है, साथ ही इसकी निंदा करती है।

### कांग्रेस के तीन नेताओं ने छोड़ा साथ

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को झटके पर झटके लग रहे है। कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 3 पर ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। अभी हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इससे पहले सोमवार को कांग्रेस के तीन और नेताओं ने पार्टी का थामन छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि ये तीनों नेता पार्टी के कामकाज से खुश नहीं थे। इसलिए उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है।

अडाणी की कंपनी को झटका

## नहीं मिलेगी 1300 करोड़ रुपए की LPS राशि: सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) से विलंबित भुगतान अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग करने वाली अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जेवीवीएनएल राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनी है। अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) ने जेवीवीएनएल से देरी से भुगतान पर अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये की मांग रखी थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार की पीठ ने इस मामले में एपीआरएल के खिलाफ फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आवेदन दाखिल करना अडाणी की कंपनी द्वारा देर से भुगतान अधिभार (एलपीएस) के लिए उचित कानूनी माध्यम नहीं था।

पीठ ने कहा, 'इस तरह की राहत (एलपीएस का दावा) एक ऐसे आवेदन में नहीं मांगी जा सकती है। जिसे सुनवाई के समय स्पष्टीकरण के लिए दाखिल अर्जी बताया गया था' इसके साथ ही पीठ ने अडाणी समूह की इकाई एपीआरएल पर 50,000 रुपये की लागत भी लगाई। यह राशि उच्चतम न्यायालय की कानूनी सहायता समिति के पास जमा की जाएगी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में 24 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अडाणी समूह की कंपनी ने जेवीवीएनएल की याचिका पर 30 अगस्त, 2020 को दिए गए फैसले में संशोधन की अपील की थी।

शीर्ष अदालत ने 2020 के अपने फैसले में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग और विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेशों को बरकरार रखा था, जिसमें एपीआरएल को क्षतिपूर्ति शुल्क का हकदार बताया गया था।


लेकिन एलपीएस का नहीं। अडाणी की कंपनी ने बिजली खरीद समझौते के संदर्भ में 30 जून, 2022 से एलपीएस बकाया के रूप में 1,376.35 करोड़ रुपये का भुगतान मांगा था।

एक्शन में सीएम ममता, प्रमोटर की गिरफ्तारी

# निर्माणाधीन इमारत झुग्गी-बस्ती पर गिरी, घटना में पांच लोगों की मौत

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में सोमवार को पांच मंजिला निर्माणाधीन एक इमारत झुग्गी-बस्ती पर गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने बचकर जान बचाई। इमारत के मलबे से लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायलों का ईलाज जारी है। हालांकि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जानकारी के अनुसार, रविवार आधी रात के आसपास गार्डन रीच के हजारी मोल्ला बागान में पांच मंजिला इमारत का एक हिस्सा बगल की झुग्गी बस्ती पर गिर गया।



### घटना के बाद एक्शन में ममता

घटना में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के बाद पुलिस ने सोमवार को बिल्डिंग के प्रमोटर मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया। प्रशासन को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है, जबकि कुछ और लोग अभी भी मलबे में फंसे हो सकते हैं।



### 5 की हुई मौत

मृतकों की पहचान हसीना खातून (55), शमा बेगम (54), अकबर अली (34), मोहम्मद वासिक (30) और रिजवान आलम (22) के रूप हुई है। तीन बच्चों सहित सोलह लोगों का फिलहाल शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। अग्निशमन सेवा विभाग के सूत्रों ने कहा कि बचाव अभियान पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

### सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर साधा निशाना

राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम यहां से तृणमूल कांग्रेस के विधायक भी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये और घायलों को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहा है। अधिकारी ने सवाल किया, "गार्डन रीच इलाके में 800 से अधिक अवैध निर्माण मौजूद हैं। यह क्षेत्र मेयर फिरहाद हकीम का गृह क्षेत्र है। क्या वह अज्ञानता का दिखावा कर सकते हैं? क्या यह विश्वास करने योग्य है कि उनकी नाक के नीचे उनकी जानकारी के बिना ऐसे अवैध निर्माण हुए? बचावकर्ता का भेष धारण करना और राहत कार्यों के दौरान फुटेज हासिल करना कितनी शर्म की बात है।"

## 40 से अधिक कार्यशाला प्रतिभागियों ने गाईं ख्याल की बंदिशें

# जोड़ आलाप के बाद 16 मात्रा तीन ताल में मसीतखानी गत से सजी गुलाबी शाम

**बेधड़क, जयपुर।** 'तबले की जुगलबंदी के साथ लालित्यपूर्ण सितार वादन और सधे स्वरों में शास्त्रीय गायन की सुरीली प्रस्तुति'। जवाहर कला केन्द्र में कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। मौका था केन्द्र की ओर से आयोजित शास्त्रीय संगीत संध्या का। आचार्य राजेन्द्र जोशी ने सितार वादन से समां बांधा तो प्रो. (डॉ.) सुमन यादव के निर्देशन में केन्द्र की ओर से आयोजित 8 दिवसीय शास्त्रीय गायन कार्यशाला के 40 से अधिक प्रतिभागियों ने गुरु के सबक को मंच पर साकार किया।



### राग यमन से हुई शुरुआत

आचार्य राजेन्द्र जोशी ने सितार पर राग यमन के साथ प्रस्तुति की शुरुआत की। जोड़ आलाप के बाद 16 मात्रा तीन ताल में मसीतखानी गत पेश की। इसके बाद उन्होंने द्रुत लय में रजाखानी गत और तान बजाई और राग यमन का विस्तार किया। सिंध भैरवी राग और कहरवा ताल के संयोजन के साथ विभिन्न धुनें बजाकर प्रस्तुति का समापन किया। तबले पर पंडित नवरत्न जोशी और केशव शर्मा व तानपुरे पर कृष्ण कुमार ने संगत की।

### आठ दिन की कार्यशाला का समापन

गौरतलब है कि युवाओं को शास्त्रीय संगीत से जोड़ने के उद्देश्य से 11 से 18 मार्च तक शास्त्रीय गायन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। सोमवार को प्रस्तुति के साथ ही इसका समापन हुआ। राग बैरागी भैरव में एक मध्यलय बंदिश, 'सोच समझ मन बावरे' से शुरुआत कर कलाकारों ने श्रोताओं को आध्यात्म के रंग में रंग दिया। राग भूपाली में मध्यलय बंदिश, 'एरी सखी जिया न लागे' में वियोग श्रृंगार का साक्षात्कार करवाया गया। राग बिहाग की बंदिश, 'धूम मचाई' के माध्यम से बृज होली सा समां बांधा।



### राग मियां मल्हार में 'झर लागी बूंदनियां'

राग मियां मल्हार में 'झर लागी बूंदनियां' के माध्यम से वर्षा ऋतु के भाव स्वरों में झलके। राग खमाज में ख्याल की पारंपरिक बंदिश 'न मानूंगी' से कार्यक्रम का समापन हुआ। हारमोनियम पर डॉ. गिरिराज बालोदिया और तबले पर फतेह वारसी ने संगत की। ये सभी बंदिशें कार्यशाला की प्रशिक्षिका ग्वालियर घराने की कलाकार प्रो. सुमन यादव की स्वनिर्मित थीं। इस मौके पर कला प्रेमियों और विशेषज्ञों ने भी कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए उनको मोटिवेट किया। ग्रुप में हुई प्रस्तुतियों का दृश्य भी देखने लायक था, जिसमें हर उम्र के कलाकार एक साथ बैठकर प्रस्तुतियां दे रहे थे। इनको देखकर कला प्रेमी रोमांचित हो उठे।

## राज. पोलो क्लब ने जीती नॉर्दन इंडिया पोलो चैंपियनशिप



**बेधड़क. जयपुर।** नई दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड पर खेले गए फाइनल्स के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) ने जिंदल पैंथर-डेल्टा पोलो को 8-7 के स्कोर से हराकर नॉर्दन इंडिया पोलो चैंपियनशिप का खिताब जीता। विजेता टीम आरपीसी की ओर से सल्वाडोर जौरेट्चे ने 4 गोल किए। वहीं जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह और जैसल सिंह ने 2-2 गोल दागे। टीम में पाब्लो जौरेट्चे शामिल थे। टीम जिंदल पैंथर-डेल्टा पोलो के लिए सिद्धांत शर्मा ने 4, नवीन जिंदल ने 2 और सिमरन शेरगिल ने 1 गोल स्कोर किया। जिंदल टीम से सैंटियागो मराम्बियो मैच में खेले। जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पद्मनाभ सिंह ने कहा, कि जयपुर के पोलो खिलाड़ियों ने अपने उत्कर्ष प्रदर्शन से न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर नाम स्थापित किया है। उन्होंने कहा, कि जैसल सिंह जो राजस्थान पोलो क्लब के सदस्य भी हैं खेल के उत्साही प्रमोटर और संरक्षक हैं। जयपुर पोलो सीजन में इस वर्ष रोमांचक और प्रतिस्पर्धी मुकाबले देखने को मिले हैं। हमारा प्रयास है, कि अधिक से अधिक लोगों को पोलो से जोड़ा जा सके।

## 30 स्पेशल बच्चों से संवाद कर जानी उनकी समस्याएं



**बेधड़क. जयपुर।** झालाना ग्राम में 30 स्पेशल बच्चों से संवाद प्रोग्राम आयोजित किया गया। प्रोग्राम में मूल समस्याओं जैसे दिव्यांग सर्टिफिकेट, पेंशन, स्वरोजगार, रेलवे पास और विशेष आवश्कता वाले बच्चों को शिक्षा आदि के लाभ से वंचित समस्याओं पर चर्चा की गई। रामनारायण कुवाल ने बताया कि इन सभी समस्याओं को समाज सेवी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा ने सुना और निवारण के लिए आश्वस्त किया। सभी विशेष योग्यजनों को योजनाओं से जोड़कर जल्दी से जल्दी लाभान्वित कराने व जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। झालाना ग्राम के समाज सेवी अशोक कुमार महावर, भवर सिंह निठारा, विक्रम सिंह, कमल पंजाबी, गणेश कुमार एडवोकेट, महेश प्रजापत, आशा बैरवा, हर्षिता प्रजापत, सुनीता बैरवा और स्पेशल बच्चों के माता-पिताओं ने इस पुनीत कार्य के लिए एडिशनल एसपी साहब और आयोजितकर्ता राम नारायण कुवाल की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

# City इवेंट्स

## गोकाष्ठ से करें होलिका दहन



**बेधड़क, जयपुर।** होलिका दहन गो कास्ट से किया जाएगा और इसके लिए जयपुराइट्स को अवेयर किया जा रहा है। गौसेवा समिति राजापार्क अध्यक्ष व आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने उद्देश्य से होलिका दहन में देसी गौमाता के गौकाष्ठ का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस के लिए आर्य समाज राजापार्क में प्रोग्राम रखा गया। इस मौके पर नैय्यर ने कहा कि गोकाष्ठ का उपयोग करके हम प्रतिवर्ष लाखों पेड़ों को कटने से बचा सकते हैं। यह वैज्ञानिक दृष्टि से प्रमाणिक है, कि गोकाष्ठ के दहन से हवा में घुले हानिकारक कीटाणु नष्ट होते हैं और आसपास का वातावरण शुद्ध होता है। इस अवसर पर जयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सिंह सांचोरा, पंडित कपिल हर्ष, राजापार्क व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजीव आहूजा, महामंत्री मेहर परनामी, गोसेवा समिति के संजीव नारंग, परमजीत सिंह कपूर (लक्की), जितेंद्र सचदेवा, राजीव अरोड़ा, राहुल श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, जोगिंदर सिंह, भानु प्रताप सिंह, जगदीश खत्री, गुलशन मक्कड़, सुनील वर्मा व अन्य कार्यकर्ता साथ रहे।

### नृत्यम में तीन शास्त्रीय नृत्य होंगे खास

**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज और जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में मधुरम में 2 दिवसीय 'नृत्यम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार से 20 मार्च तक रंगायन में शाम 6 बजे से होने वाले कार्यक्रम में 3 शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। पहले दिन जया प्रभा मेनन मोहिनी अट्टम और अनुज मिश्रा कथक की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन पद्मश्री अलंकृत कलाकार माधवी मुद्गल ओडिसी नृत्य तो गौरी दिवाकर कथक की प्रस्तुति होगी।

## जयपुर में स्थापित होगा म्यूजियम



**बेधड़क, जयपुर।** देश-विदेश की धातु से निर्मित मूति कला को संग्रहित कर जयपुर में प्रदर्शित करने के लिए म्यूजियम स्थापित किया जाएगा। म्यूजियम में मेटल से बनी मूर्तियों की आर्ट गैलरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए जयपुर में स्थित शिल्पांजलि आर्ट फाउंडेशन ने प्रयास किए हैं। यह विचार कलाकार व फाउंडेशन के राजकुमार पंडित ने रखे। उन्होंने बताया कि विश्व प्रसिद्ध आर्टिस्ट अपनी बेस्ट कलाकृति का मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिन्हें बाद में फाउंडेशन अपने खर्चे पर तैयार करेगी। इसके लिए 7 दिवसीय इंटरनेशल सिम्पोजियम का आयोजन किया गया हैं, जिसमें पदमश्री राजेंद्र टिकु की देख-रेख में देश-विदेश के आर्टिस्ट स्कल्पचर तैयार कर रहे हैं।

## वॉइस मैराथन इंडिया 3 में दी उम्दा प्रस्तुति

# सिंगर्स ने होली के रंग भरे गीतों में अपने फन का जादू बिखेरा



**बेधड़क** | जयपुर

बनी पार्क स्थित होटल ग्रांड मैजेस्टिक में रविवार देर शाम तक 'वॉइस मैराथन इंडिया 3' का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक कलाकारों ने फिल्मी गीत, गजल की उम्दा प्रस्तुति देकर समा बांधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रह्मऋषी निर्मलानंद महाराज थे। विशिष्ट अतिथि दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष बसंत जैन, महात्मा गांधी अस्पताल के जन संपर्क अधिकारी ओपी भवण थे। कार्यक्रम का रेखा कुमावत ने शायराना अंदाज में संचालन कर दर्शकों को की दाद बटोरी। संस्थापक संतोष कुमार ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे, सात रंग में खेल रही है होली, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, प्रियंका सिंह ने होली में उड़े रे गुलाल.... की मनोहारी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को खुशनुमा बनाया। कार्यक्रम में अजय चौधरी, अशोक वर्मा, मोना महावर, लोकेश पुरोहित, अश्विनी वाधवा, हंसा, अतुल श्रीवास्तव, राहुल कुमार, जयश्री, गोपाल, शैलेंद्र माथुर, वर्षा श्रीवास्तव, नवीन जैन, पवन शर्मा, शिल्पी मल्होत्रा, आशुतोष माथुर सहित राज्य के अलग अलग स्थानों से आए 36 उदयीमान सिंगर्स ने अपने फन का जादू बिखेरा। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। देर शाम हुआ कार्यक्रम के समापन पर फाउंडर संतोष कुमार ने आभार जताते हुए कहा कि नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करवाने का यह प्रोग्राम एक माध्यम बनेगा।

## पोएट्री एंथोलॉजी प्रकाशित

# जयपुर की हेमांगी ने इंग्लैंड में जीता पोएट्री स्लैम खिताब




**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर की कवयित्री हेमांगी चक्रवर्ती ने इंग्लैंड में बॉर्न लिप्पी द्वारा आयोजित पोएट्री स्लैम जीतकर ख्याति प्राप्त की। बॉर्न लिप्पी इंग्लैंड के नॉर्थ ईस्ट में 'स्पोकन वर्ड' इवेंट्स के आयोजक हैं। कार्यक्रम में 2 राउंड के दौरान स्थानीय कवियों और उत्साही दर्शकों द्वारा निर्णय लिया गया।

दो राउंड के बाद यूके के स्थानीय कवियों और दर्शकों द्वारा निर्णय लिया गया। वॉर लैसेस और बॉर्न लिप्पी द्वारा संयुक्त रूप से हाल ही में आयोजित महिला दिवस विशेष कार्यक्रम में हेमांगी ने शीर्ष स्थान और 10 मिनट का सेट देने का अवसर अर्जित किया। वह कार्यक्रम की ओपनिंग पोएट थीं और उन्होंने महिलाओं और नारीवाद के बारे में 4 कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें दर्शकों द्वारा पसंद किया गया। बीबीसी रेडियो न्यूकासल ने हाल ही में साप्ताहिक कार्यक्रम बीबीसी अपलोड्स पर महिला दिवस कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए हेमांगी को वॉर लैसेस और बॉर्न लिप्पी के संस्थापकों के साथ आमंत्रित किया। शो के दौरान हेमांगी ने लेखन यात्रा के बारे में जानकारी साझा की और एक कविता प्रस्तुत की। हेमांगी की 2021 में ई-पुस्तक, अनइंटरप्टेड-ए कलेक्शन ऑफ पोयम्स अमेजन पर प्रकाशित हुई। नंदिनी वर्मा और शांतनु आनंद ने उनके काम को अपने ऑर्गेनाइजेशन एयरप्लेन पोएट्री मूवमेंट के ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'रिकमंडेड रीड' के रूप में प्रदर्शित किया।

**समारोह** | वैशाली नगर जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव के पात्रों का किया सम्मान

# जयकारों के बीच की सौधर्म इन्द्र-इन्द्राणी की गोद भराई

**बेधड़क** | जयपुर

वैशाली नगर के श्रीमहावीर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे नव निर्मित जिनालय के होने वाले जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव के पात्रों का राजस्थान जैन सभा सहित अन्य संस्थाओं व बन्धुओं ने सम्मान और गोद भराई की गई। 27 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित होने वाले प्रोग्राम के लिए सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने बताया कि भट्टारकजी की नसियां में आयोजित समारोह में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के सौधर्म इंद्र प्रवीण-प्रिया बडजात्या, प्रतीक जैन, मंजू शाह, सुनीता झांझरी, निशा बड़जात्या, रेशु जैन, अनीता जैन सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर माहौल जयकारों से गुंजता रहा और सभी ने मिलकर खुशियां मनाई।



### गोले व पतासों से हुई गोद भराई

इस मौके पर धार्मिक विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार करते हुए जयकारों के बीच गोले व पतासों से गोद भराई की गई। राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जैन, अनिल छाबड़ा सहित संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, रचना बैद, जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. शीला जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश मंत्री भारत भूषण जैन, अमन जैन कोटखावदा ने खोपरे का गोला, पतासों से गोद भराई करते हुए जयकारे लगाए। इन्द्र-इन्द्राणियों को माला, दुपट्टा व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया तो वे उत्साहित नजर आए। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला मंडलों की सदस्याएं भी शामिल हुईं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 19 मार्च, 2024

10






## रिकॉर्ड 87.97% वोट हासिल कर पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बने पुतिन

# फिर कुर्सी मिलते ही पुतिन ने दिखाए तीखे तेवर

**एजेंसी** | मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर जीत हासिल की है। पुतिन को राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड 87.97 फीसदी वोट मिले। उन्होंने चुनाव में मिली जीत पर रूस के नागरिकों का आभार जताया है। पुतिन ने अपने विजयी भाषण में कहा कि देश में सत्ता का स्रोत रूसी लोग हैं और वह रूस के प्रत्येक नागरिक की आवाज हैं। देशवासियों का आभार जताने के साथ ही पुतिन ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के लिए चेताते हुए अपने इरादे भी साफ कर दिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य संगठन नाटो के विशेषज्ञ पहले से ही यूक्रेन में हैं और रूस से युद्ध में यूक्रेनी सेना को सलाह दे रहे हैं। अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में लड़ने के लिए अपने सैनिक भेजे तो तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ने से कोई नहीं रोक सकेगा। पुतिन की इस चेतावनी को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद 1962 के क्यूबाई मिसाइल संकट के बाद सबसे ज्यादा गंभीर माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व में हर चीज संभव है। जो हो रहा है उससे तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ने की आशंका है। शायद यह किसी के हित में नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि रूसी जनता को सीधे हमले से बचाने के लिए वह यूक्रेन सीमा पर बफर जोन बनाने पर विचार कर रहे हैं।



### नवलनी की मौत को बताया दुखद

पुतिन ने देश के हितों की रक्षा में समर्पण को स्वीकार करते हुए सशस्त्र बलों की विशेष सराहना की। उन्होंने एलेक्सी नवलनी की मौत को दुखद घटना बताया। पुतिन ने कहा कि जेलों में बंद लोगों की मौत के अन्य मामले भी सामने आए हैं। नवलनी की मौत एक दुखद घटना है और ऐसे अन्य मामले भी थे। जब जेलों में बंद लोगों की मृत्यु हुई। क्या ऐसा पहले नहीं हुआ है। अमेरिका में भी ऐसा हुआ है। दिवंगत नेता एलेक्सी नवलनी का पहली बार सार्वजनिक रूप से नाम लेते हुए पुतिन ने कहा कि उनकी अप्रत्याशित मौत का उन्हें दुख है। बंदियों की अदलाबदली में उन्हें रिहा करने के प्रस्ताव को सरकार ने फरवरी में स्वीकृति दे दी थी।

### अमेरिकी चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं

रूसी चुनाव की अमेरिका और यूरोप द्वारा आलोचना को खारिज करते हुए पुतिन ने कहा, अमेरिका में हो रहा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं है। वहां पर विपक्षी नेता डोनाल्ड ट्रंप को परेशान करने के लिए सरकारी ताकत इस्तेमाल की जा रही है। अमेरिका में जो हो रहा है उस पर पूरा विश्व हंस रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है।

## हमले के बाद अफगानिस्तान में लिया एक्शन

# पाक की एयर स्ट्राइक में 8 लोग मारे गए

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने कड़ा एक्शन लिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस हमले में आठ लोग मारे गए। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। गौरतलब है कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी को आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।



### खोस्त और पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की सीमा से लगे खोस्त और पक्तिका प्रांतों में हवाई हमले किए गए। उन्होंने यह नहीं बताया कि पाकिस्तानी फाइटर प्लेन अफगानिस्तान के अंदर तक गए थे या नहीं। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है। प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं।

## नेपाल में सत्ताधारी पार्टी के उपाध्यक्ष भी हैं गिरफ्तार महरा

# सोना तस्करी में पूर्व संसद स्पीकर गिरफ्तार

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व स्पीकर और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।





# ट्रंप का खुली सीमा नीति खत्म करने का दावा

**एजेंसी** | ओहियो

अमेरिका में बढ़ रहे प्रवासी अपराधों को लेकर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडेन प्रशासन के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए को हर 'खुली सीमा नीति' को समाप्त कर देंगे। ओहियो के वांडालिया के डेटन उपनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने जॉर्जिया विश्वविद्यालय के नर्सिंग छात्र लेकन रिले की मौत का भी जिक्र किया। पूर्व राष्ट्रपति ने बाइडेन पर अमेरिका में 'हिंसक गिरोह के सदस्यों और गैंगस्टरों सहित लाखों प्रवासियों' को अनुमति देने का आरोप लगाया। ट्रंप ने रैली में कहा कि 'प्रवासी अपराध के कारण एक और अमेरिकी की जान नहीं जानी चाहिए। हम एक और लेकन को खो नहीं सकते। जब मैं संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बनूंगा, तो हम पहले दिन लेकन के लिए न्याय की मांग करेंगे। मेरा प्रशासन बाइडन प्रशासन की नीति की हर खुली सीमा को समाप्त कर देगा। ट्रंप ने कहा कि मेरे पहले कार्यों में हमारे देश पर आक्रमण को रोकना और जो बाइडन के अवैध एलियंस को घर वापस भेजना होगा।

## आपातकालीन प्रतिक्रया शुरू

# आग से धधका दक्षिण-पश्चिम चीन का जंगल

**एजेंसी** | बीजिंग

दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के याजियांग में शुक्रवार को जंगल में आग लगने के बाद चीन ने लेवल-IV आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की है। याजियांग में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे आग लग गई थी। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, आग से अब तक करीब 3,396 लोग प्रभावित हुए हैं। हालांकि, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। इसके अलावा, ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने वाली जगह पर हवा की ताकत अचानक बढ़ जाने के कारण शनिवार दोपहर करीब तीन बजे आग तेजी से फैली और बढ़ती गई। रविवार को चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, चीन ने जवाब में लेवल-IV आपातकालीन प्रतिक्रिया सक्रिय की और अग्निशमन प्रयासों का मार्गदर्शन करने के लिए संबंधित विभागों के विशेषज्ञों से बने एक कार्य समूह को आग की जगह पर भेजा। कथित तौर पर राष्ट्रीय व्यापक अग्नि बचाव दल और स्थानीय पेशेवर अग्निशमन टीमों के कुल 1,259 कर्मी अग्निशमन प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल हैं, और साइट पर अग्निशमन अभियान चलाने के लिए पांच हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय वन अग्निशमन ब्रिगेड ने आपातकालीन सुदृढीकरण के लिए 831 कर्मियों और तीन हेलीकॉप्टरों को भेजा है। अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत से अन्य 750 कर्मियों को तत्काल भेजा गया है।



### लोगों को सुरक्षित निकाला

इसके अलावा, जंगल की आग से प्रभावित 11 गांवों के 3,396 लोगों को आग वाली जगह से सुरक्षित बाहर निकाला गया है। ग्लोबल टाइम्स ने सीसीटीवी न्यूज का हवाला देते हुए बताया कि शनिवार दोपहर 2:30 बजे आग वाली जगह पर अचानक तेज हवाएं चलने लगीं, जिसकी तात्कालिक हवा आठ स्तरों से अधिक थी। तेज हवा के कारण आग की पूर्वी रेखा फिर से भड़क उठी और तेजी से कई पर्वत श्रृंखलाओं में फैल गई।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl